आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 15 अंक 316-● जबलपुर ● बुधवार, 22 दिसम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● पौष कृष्ण पक्ष-2 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in

## कोरोना संक्रमण से इंदौर में दो लोगों की मौत

**इंदौर।** शहर में कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रोन की आमद के एक दिन बाद ही दो लोगों की कोरोना की वजह से मौत हो गई। दोनों का इलाज निजी अस्पतालों में चल रहा था। उनमें कोरोना की पुष्टि हो चुकी थी। फेंफडों में संक्रमण 80-90 प्रतिशत तक फैल चुका था। एक मरीज वेंटिलेटर पर था। पूरे एक महीने बाद शहर में कोरोना से हुई इन मौतों ने शासन-प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। एक तरफ मरीजों में कोरोना के नए वैरिएंट की पुष्टि हो रही है दूसरी तरफ कोरोना के इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती मरीज दम तोड़ रहे हैं।

**फटाफट खबरें**

### पतंग उड़ाते-उड़ाते अचानक आसमान में पहुंच गया



**नई दिल्ली।** पतंग उड़ाना आम बात है और पतंग उड़ाने के कई वीडियो भी वायरल होते रहते हैं। लेकिन सोचिए कोई ऐसा वीडियो वायरल हो जाए जिसमें एक शख्स पतंग के साथ ही हवा में पहुंच जाए तो यह बेहद चौंकाने वाला दृश्य होगा। ऐसा ही एक मामला सामने आया है जहां पतंग उड़ा रहा शख्स अचानक आसमान में पहुंच गया और फिर पतंग की डोर पकड़े काफी देर तक लटका रहा। दरअसल, यह घटना श्रीलंका के जाफना की है। एक ऑनलाइन रिपोर्ट के मुताबिक, यहां के एक क्षेत्र में पतंगबाजी की प्रतियोगिता चल रही थी, ठीक इसी दौरान यह हादसा हुआ है। यह सब तब हुआ जब एक शख्स अपनी टीम के बाकी सदस्यों के साथ एक बड़े से पतंग की रस्सी को पकड़कर उछालने की कोशिश कर रहा था, तभी अचानक वह हवा में 30 फीट ऊपर उठ गया। इसे देखकर उसके साथी हैरान रह गए। पतंग इतना भरी था कि वह शख्स हवा में ऊपर की ही तरफ जा रहा था और वह रस्सी पकड़कर लटका रहा।

### एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में आज भारत-पाकिस्तान का हाईवोल्टेज मैच

**नई दिल्ली।** एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में बुधवार (22 दिसंबर) को भारत और पाकिस्तान के बीच हाईवोल्टेज मैच खेला जाएगा। दोनों टीमें कांस्य पदक के लिए आमने-सामने होंगी। सेमीफाइनल में पाकिस्तान को दक्षिण कोरिया और भारत को जापान के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। इस बार भारत-पाकिस्तान की टीमें टूर्नामेंट में दूसरी बार आमने-सामने होंगी। इससे पहले 17 दिसंबर को खेले गए मैच में टीम इंडिया 3-1 से जीती थी। दोनों टीमें पहली बार कांस्य पदक मैच के लिए आमने-सामने होंगी।




## Omicron का असर

# केंद्र ने राज्यों को भेजी गाइडलाइन फिर लग सकती हैं पाबंदियां

**नई दिल्ली। देश में ओमिक्रोन के केस बढ़ने के बाद अब केंद्र सरकार हरकत में आ गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से राज्यों के लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। केंद्र ने कहा है कि ओमिक्रॉन कोरोना के पुराने वैरिएंट डेल्टा के मुकाबले 3 गुना तेजी से फैलता है। इसलिए जरूरी उपाय अपनाना शुरू कर दें।**

मंगलवार शाम राज्यों को लिखे गए लेटर में कहा गया है कि ओमिक्रॉन से निपटने के लिए वॉर रूम एक्टिव कर देना चाहिए।ओमिक्रॉन और डेल्टा दोनों वैरिएंट अब भी देश भर में मौजूद हैं। इसलिए लोकल और डिस्ट्रिक्ट लेवल पर ज्यादा दूरदर्शिता दिखाने और तुरंत कार्रवाई करने की जरूरत है।राज्यों से कहा गया है कि जहां जरूरी हो, वहां नाइट कर्फ्यू लगाया जाए। साथ ही कंटेनमेंट जोन बनाए जाने की बात भी कही गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर राज्यों को भेजी गई चिट्ठी में लिखा गया है कि संक्रमण को स्थानीय स्तर पर खत्म



करने के उपाय किए जाएं। इमरजेंसी रूम और सेवाओं को पूरी तरह तैयार रखा जाए। जहां जरूरी हो वहां शादी, पार्टी और अंतिम संस्कार में संख्या सीमित की जाए। टेस्टिंग बढ़ाई जाएं। भारत में ओमिक्रोन की ताजा स्थिति यह है कि यह वैरिएंट 14 राज्यों में फैल गया है जहां 220 मरीज हैं। देश में ओमिक्रोन कितनी तेजी से बढ़ रहा है, इसका अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा रहा है कि 17 दिसंबर को 100 केस थे और 21 दिसंबर को यह आंकड़ा 200 पार हो गया। यानि महज चार दिन में केस दोगुना हो गए हैं। अमेरिका और ब्रिटेन में जिस तरह से हाहाकार मचा है, उसे देखते हुए लोगों को सबक सिखना चाहिए। देश में एक बड़ा वर्ग अभी भी मास्क लगाने और शारीरिक दूरी का पालन जैसे नियमों की अनदेखी कर रहा है। यह लापरवाही कभी भी घातक रूप से सकती है।

### पीएम मोदी कल करेंगे बैठक

देश में बढ़ती ओमिक्रॉन की रफ्तार ने सरकार की टेंशन बढ़ा दी है। इस बीच समाचार एजेंसी ने भारत सरकार के सूत्रों के हवाले से जानकारी दी है कि पीएम मोदी गुरुवार को कोरोना की स्थिति को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

### महाराष्ट्र विधानसभा के 10 कर्मचारी कोरोना पॉजिटिव

महाराष्ट्र में शीतकालीन सत्र से पहले सभी विधायक, विधानसभा स्टाफ, पुलिस और कर्मचारियों की कोरोना जांच की गई जिसमें आठ पुलिसकर्मी और मंत्रालय के दो कर्मचारी कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं।

### अलर्ट-स्वास्थ्य मंत्रालय ने चेताया- अभी गया नहीं डेल्टा

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह भी कहा है कि अभी देश से डेल्टा वैरिएंट पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। ऐसे में डेल्टा और ओमिक्रोन मिलकर घातक रूप धारण कर सकते हैं। ओमिक्रोन को लेकर कहा जा रहा है कि यह तेजी से फैलता जरूर है, लेकिन कोरोना के अन्य वैरिएंट की तरह घातक नहीं है।

### एक्सपर्ट बोले- भारत में महामारी की तीसरी लहर आना तय

देश में ओमिक्रॉन के बढ़ते मामलों के बीच हेल्थ एक्सपर्ट्स का कहना है कि कोरोना की तीसरी लहर का आना तय है। इसे रोका नहीं जा सकता। लेकिन इसको लेकर घबराने की जरूरत नहीं है। एक्सपर्ट्स ने कहा कि 13 दिसंबर की तुलना में 19 दिसंबर को कई राज्यों में संक्रमण दर बढ़ी है। इन राज्यों में बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, त्रिपुरा, तमिलनाडु, असम, ओडिशा, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, मणिपुर और नागालैंड शामिल है।



## इंदौर से सतना जा रही बस पन्ना में पलटी, एक की मौत, कई घायल

**पन्ना।** इंदौर से सतना जा रही यात्री बस सिमरिया थाना के रैकरा गांव में समीप पलट गई। जिससे एक यात्री की मौत हो गई। वहीं बस में फंसे कई यात्री घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार इंदौर से पन्ना जा रही मैंगो ट्रेवल्स की बस सुबह चार बजे गैसाबाद और सिमरिया के बीच में रैकरा गांव के समीप अनियंत्रित होकर पलट गई। सूचना मिलते ही गैसाबाद, सिमरिया, गुनौर व सुनवानी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। तीन यात्री बस के नीचे दब गए थे, इनमें से एक की मौत हो गई। वहीं अन्य यात्री घायल हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा स्थल के नजदीक जेके सीमेंट प्लांट है। जहां से तुरंत मशीनें मंगा ली गईं थी, जिससे बड़ा हादसा टल गया। क्रेन की मदद से बस में फंसे यात्रियों को समय से बाहर निकाल लिया गया। करीब चार घंटे राहत कार्य चलता रहा।

**गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा की ऑनलाइन कंपनियों को चेतावनी**

## अपने प्लेटफार्म से हटाएं नशे, हथियार जैसी आपत्तिजनक सामग्रियां

**भोपाल।** प्रदेश के जबलपुर जिले में ई-कामर्स कंपनी फ्लिपकार्ट द्वारा चाकू जैसा घातक हथियार बेचे जाने का प्रकरण सामने आने के बाद अब सरकार ने भी इस मामले में सख्त रुख अपनाया है। गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने इसका संज्ञान लेते हुए आनलाइन शापिंग कंपनियों को चेतावनी दी है कि वे अपने प्लेटफार्म से नशे और हथियार जैसी चीजों को जल्द से जल्द हटाएं। उन्होंने कहा कि जबलपुर में ई-कॉमर्स कंपनी को अपने प्लेटफॉर्म से चाकू और ऐसे अन्य आपत्तिजनक समान हटाने के आदेश दिए गए है। यह आदेश उन्हें भेज भी दिया है। संभवत: उन्होंने हटा भी दिए होंगे। अगर नहीं हटाए होंगे, तो हटवा देंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हम मध्य प्रदेश में ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन और फ्लिपकार्ट को अपने प्लेटफॉर्म से नशे और हथियार से जुड़ी घातक सामग्री हटाने का आग्रह करते हैं, अन्यथा हमें इनके बारे में सोचना पड़ेगा।



इसके साथ ही गृहमंत्री ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के माब लिंचिंग को लेकर दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 1984 के सिख विरोधी दंगों में कांग्रेस के लोगों ने देश में मॉब लिंचिंग की शुरुआत की थी। तुष्टिकरण की राजनीति करने राहुल गांधी जी को चुनाव के समय उत्तर प्रदेश में तो मॉब लिंचिंग दिखाई दे रही है लेकिन केरल में नहीं, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं को बेरहमी से मारा गया।

## शराबी बेटे को मां ने दिलवाई सजा

**बोली- नीतीश तो बंद किए हैं, लेकिन बेचने वाले बेच रहे हैं और पीने वाले पी रहे हैं**

**पटना।** कहते हैं मां और बेटे के बीच रिश्ता बहुत ही प्यारा होता है, लेकिन बिहार के आरा में एक बेटा अपनी ही मां के खून का प्यासा हो गया है। उसने मां रमावती देवी को धमकी दी है कि, जिस दिन वह जेल से बाहर निकलेगा सबसे पहले उसे ही मार डालेगा। दरअसल, कुछ दिन पहले 25 वर्षीय आदित्य राज उर्फ बिट्टू ने शराब पीकर अपनी मां के साथ मारपीट की थी। बेटे की हरकत से तंग आकर मां ने पुलिस में शिकायत कर दी। इसी 20 दिसंबर को शराबबंदी कानून के अंतर्गत आदित्य को पांच साल की जेल की सजा अदालत ने सुनाई है। अपने बेटे से जेल में मिलने पहुंची रमावती देवी को उसने धमकी दी कि सबसे पहले वह उसे ही मार देगा। रमावती देवी बताती हैं कि उनके सबसे छोटे बेटे आदित्य को पिछले 10 साल से शराब पीने की आदत है। जब भी वह शराब पीकर आता, घर में मारपीट करता। इससे उसके पिता बिपिन बिहारी की भी मानसिक स्थिति खराब हो चुकी है। वह आगे बताती हैं कि आदित्य उनसे हर दिन शराब पीने के लिए पैसे मांगता। जब पैसे न दो तो मारपीट करता, यहां तक कि कमरे में बंद करके गला भी दबा देता। उसके डर से कई बार वह पड़ोसियों के यहां छुप जातीं, लेकिन जब इसकी खबर आदित्य को लगती तो वह पड़ोसियों से भी मारपीट करने लगता। खाना तक छीनकर फेंक देता।

**गुजरात में अजीब वाक्या**

## महिला ने कुत्ते का नाम रखा सोनू पड़ोसियों ने घर में घुसकर जिंदा जलाया

**नई दिल्ली।** गुजरात में एक महिला को जिंदा जलाने का मामला सामने आया है। इस वारदात में महिला बुरी तरह झुलस गई हैं। घटना के बाद 35 साल की नीताबेन सरवैया का इलाज फिलहाल भावनगर के एक अस्पताल में चल रहा है। इस भयानक वारदात को अंजाम देने का आरोप महिला के पड़ोसियों पर लगा है।



### नाम को लेकर नाराज थे पड़ोसी

बताया जा रहा है कि नीताबेन सरवैया ने अपने कुत्ते का नाम सोनू रखा था। इत्तिफाक से सोनू नीताबेन सरवैया के पड़ोस में रहने वाले सुराभाई भारवाड की पत्नी का नाम भी है। यही बात सुराभाई भारवाड को पसंद नहीं आई। जिसके बाद गुस्से में आकर उन्होंने अपने कुछ सहयोगियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया।

### नीताबेन ने पुलिस को सुनाई आपबीती

जानकारी के मुताबिक सोमवार की दोपहर नीताबेन के पति और उनके दो बेटे किसी काम से घर से बाहर गए हुए थे। नीताबेन अपने घर पर अपने छोटे बेटे के साथ थीं। मौका पाकर सुराभाई भारवाड और उनके 5 अन्य सहयोगी नीताबेन के घर में घुस गए। पुलिस ने बताया कि घर में आने के बाद इन लोगों ने नीताबेन को गालियां दीं और कुत्ते का नाम त्सोनूज रखने को लेकर उन्हें बुरा-भला कहा। नीताबेन ने इनकी बातों को अनसुना किया और अपने रसोईघर में चली गईं। इसके बाद तीन लोग भी जबरन रसोईघर में घुस गए और इन लोगों ने नीताबेन पर केरोसिन छिड़क कर उन्हें जिंदा आग के हवाले कर दिया।

### चीख सुन पहुंचे अन्य पड़ोसी

आग में बुरी तरह झुलसी नीताबेन की चीखें सुन अन्य पड़ोसी वहां पहुंच गये। कुछ ही समय बाद नीताबेन के पति भी घर पर पहुंच गए। इसके बाद किसी तरह कंबल के जरिए इस आग को बुझाया गया। नीताबेन को जली हुई हालत में अस्पताल में दाखिल कराया गया।

### 6 लोगों पर FIR

पुलिस ने बताया कि नीताबेन और उनपर हमला करने वाले लोगों के परिवार के बीच पहले भी कई बार पानी की सप्लाई को लेकर कहासुनी हो चुकी है। आग लगाने की इस घटना में 6 लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस अब आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## सबसे महंगा तलाक : दुबई के किंग राशिद को कोर्ट ने दिया आदेश

**पत्नी को देने पड़ेंगे 5500 करोड़ रुपये**



**लंदन।** ब्रिटेन हाईकोर्ट ने किंग शेख मोहम्मद को तलाक के लिए लगभग 5500 करोड़ रुपये राजकुमारी हया को देने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि किंग को यह रकम डिवोर्स सेटलमेंट और बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए देनी होगी।दुबई के किंग शेख मोहम्मद बिन राशिद अल-मकतूम ने अपनी पत्नी राजकुमारी हया से तलाक ले लिया है। इसके बदले में उन्हें लगभग 5500 करोड़ रुपये (554 मिलियन पाउंड) राजकुमारी हया को देने होंगे।ब्रिटेन हाईकोर्ट ने किंग शेख मोहम्मद को तलाक के लिए लगभग 5500 करोड़ रुपये राजकुमारी हया को देने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि किंग को यह रकम डिवोर्स सेटलमेंट और बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए देनी होगी। यह सेटलमेंट ब्रिटिश कानूनी इतिहास के सबसे बड़े सेटलमेंट में से एक है। राजकुमारी हया जॉर्डन के पूर्व राजा हुसैन की बेटी हैं। हाईकोर्ट के जज फिलिप मूर ने अपने फैसले में कहा कि राजकुमारी हया और उनके बच्चों को आतंकवाद या फिर अपहरण जैसे खतरों से बचाने व सुरक्षा देने के लिए खास इंतजाम होने चाहिए। ब्रिटेन में उन्हें खास सुरक्षा की जरूरत होगी। वकीलों के मुताबिक, शेख की ओर से दी जाने वाली रकम में से 2500 करोड़ रुपये (251.5 मिलियन पाउंड) राजकुमारी हया को एकमुश्त दिए जाएंगे। उनके दोनों बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए 2900 करोड़ रुपये सिक्योरिटी के तौर पर बैंक में रखे जाएंगे। इसके अलावा बच्चों के बड़े होने पर हर साल 112 करोड़ रुपये देने होंगे। राजकुमारी हया ने इस सेटलमेंट के लिए लगभग 14 हजार करोड़ रुपये मांगे थे।

## मरे जानवरों को खाती है यह महिला



नई दिल्ली। दुनिया में अजीब-अजीब तरह के लोग होते हैं। ब्रिटेन में रहने वाली एक महिला इन दिनों काफी चर्चा में है। वो चर्चा में है अपने खानपान और लाइफस्टाइल को लेकर। खुद को यह महिला 'गुफा मानव' बताती है। महिला का नाम सारा डे है और उसका कहना है कि वो सड़क हादसों में मारे गए जानवरों को खाना पसंद करती है। न्यूयॉर्क पोस्ट के मुताबिक, सारा को यह काम करना किसी 'अच्छे बीफ स्टेक' में पार्टी करने जैसा लगता है। सारा एक तरह से आदिमानवों जैसा जीवन जीती हैं। वो सिर्फ मरे हुए जानवरों के गोश्त ही नहीं खाती, बल्कि उनकी हड्डियों से औजार भी बना लेती हैं। कोलचेस्टर की रहने वाली सारा पेशे से तो एक टीचर है। वो बच्चों को इतिहास की शिक्षा देती हैं। वो बच्चों को सर्वाइव करने के लिए स्किल्स भी सिखाती हैं।

## योगी सरकार करवा रही फोन टैप?

### प्रियंका गांधी और अखिलेश यादव के आरोपों पर जल्द शुरू हो सकती है जांच



**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश सरकार पर फोन टैपिंग और उनके बच्चों के इंस्टाग्राम अकाउंट को हैक करने का आरोप लगाया था। उनके इन आरोपों पर इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने संज्ञान लिया है। सूत्रों से मिल रही जानकारी के मुताबिक उनके इन आरोपों पर जल्द ही जांच शुरू होने की संभावना है।

### मेरे बच्चों के इंस्टाग्राम एकाउंट हैक किए गए- प्रियंका

कांग्रेस महासचिव व यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी ने अपने बच्चों के इंस्टाग्राम एकाउंट हैक कराए जाने का आरोप लगाया है। मंगलवार को प्रदेश मुख्यालय पहुंची प्रियंका गांधी ने सपा मुखिया अखिलेश यादव के फोन टैपिंग करने के आरोप का समर्थन करते हुए कहा कि फोन टैपिंग छोड़िए, मेरे बच्चों के इंस्टाग्राम एकाउंट तक हैक कर रहे हैं। बताइए, सरकार के पास कुछ और काम नहीं है क्या?

### अखिलेश ने लगाए थे फोन टैपिंग के आरोप

इससे पहले रविवार को समाजवादी पार्टी के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि योगी आदित्यनाथ सरकार उनकी पार्टी के नेताओं के फोन टैप करवा रही है और मुख्यमंत्री खुद शाम के वक्त इन रिकॉर्डिंग्स को सुनते हैं। अखिलेश यादव ने कहा, मैं आपको बताना चाहता हूं कि हमारे सभी फोन सुने जा रहे हैं। एसपी कार्यालय और हमारे साथ जुड़े लोगों के फोन सुने जा रहे हैं।

### आधार को वोटर आईडी से लिंक करने से हर वोटर को ट्रैक किया जा सकेगा?

**नई दिल्ली।** 21 दिसंबर को चुनाव कानून (संशोधन) विधेयक 2021 राज्यसभा से भी पारित हो गया है। इससे पहले यह विधेयक 20 दिसंबर को लोकसभा से पारित हुआ था। सरकार का कहना है कि इस नए संशोधन के बाद आधार इकोसिस्टम से मतदाता सूची डेटा को जोड़ा जाएगा। सरकार का कहना है कि विधेयक में कई चुनावी सुधार शामिल हैं जिन पर लंबे वक्त से चर्चा जारी है। सरकार का दावा है कि आधार को मतदाता सूची से जोड़ने के बाद कई बार एनरोलमेंट की जरूरत नहीं रह जाएगी। एक बार आधार के लिंक होने से किसी का दो वोटर कार्ड नहीं हो सकता। सरकार का मानना है कि ऐसा करने से मतदाता सूची को रिफाइन करने में बहुत आसानी होगी।

## बीमारी के कारण सीएमपद छोड़ सकते हैं उद्धव ठाकरे



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने पिछले करीब 45 दिनों से किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लिया है। बीते दिनों उनके गले का ऑपरेशन हुआ था, जिसके बाद से स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। इस बीच, बुधवार से महाराष्ट्र विधानसभा का सत्र भी शुरू हुआ है, लेकिन यह साफ नहीं है कि उद्धव सदन की कार्रवाई में हिस्सा लेंगे या नहीं। भाजपा ने इसी मुद्दे पर बड़ा बयान जारी किया है। महाराष्ट्र भाजपा के अध्यक्ष चंद्रकांत दादा पाटिल ने कहा है कि उद्धव ठाकरे स्वस्थ नहीं हैं। इसलिए वे पत्नी रश्मि या बेटे आदित्य को मुख्यमंत्री बना सकते हैं। हालांकि बेटे आदित्य ने भाजपा के इस दावे को खारिज किया और कहा कि उनके पिता पूरी तरह ठीक हैं। वहीं एनसीपी ने भी भाजपा नेता के बयान पर नाराजगी जताई और कहा कि सीएम कौन होगा या कौन नहीं, यह भाजपा से पूछकर तय नहीं किया जाएगा। एक इंटरव्यू में चंद्रकांत दादा पाटिल ने कहा, उद्धव ठाकरे कुछ भी कर सकते हैं। वो अपने किसी विश्वसनीय को सीएम की कुर्सी पर बैठा सकते हैं। वो किसी ओर के बजाए रश्मि या आदित्य को मौका दे सकते हैं। इस मामले में उद्धव ठाकरे कुछ भी कर सकते हैं। बता दें, महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी (शिवसेना+एनसीपी+कांग्रेस) की सरकार है और भाजपा लगातार इस गठबंधन पर हमला कर रही है।

### संसद का शीतकालीन सत्र एक दिन पहले ही समाप्त, विपक्ष पूरे समय करता रहा हंगामा

**नई दिल्ली।** यूं तो संसद का शीतकालीन सत्र 23 दिसंबर तक चलाना था, लेकिन विपक्ष के अड़ियल रवैये के कारण दोनों सदनों की कार्रवाई एक दिन पहले ही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। इस पूरे सत्र के दौरान विपक्ष दो मुद्दों पर को लेकर हंगामा करता रहा। पहला - राज्यसभा के 12 सदस्यों का निलंबन वापस हो और दूसरा- लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी का इस्तीफा हो। विपक्ष रोज हंगामा करता रहा और सदन में कोई काम नहीं हो पाया। अब लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे।

**लड़कियों की शादी की उम्र 21 करने की तैयारी**

## यह चुनाव जीतने की भाजपा की रणनीति? विपक्ष भी है सतर्क

**नई दिल्ली।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार लड़कियों की शादी की उम्र 18 से बढ़ाकर 21 साल करने की तैयारी में है। विपक्ष लगातार इसका विरोध कर रहा है। कल यानी मंगलवार को लोकसभा में इस संशोधन विधेयक को पेश करने के बाद इसे संसदीय स्थायी समिति को करीब से जांच के लिए भेज दिया गया, जिसकी मांग विपक्ष भी कर रहा था। लेकिन राजनीतिक हलकों को लगता है कि आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए सरकार रणनीति बना रही है। इसे चुनावों से ठीक पहले बजट सत्र के दौरान फिर से सदन में बहस के लिए लाया जा सकता है। विपक्ष के विरोध और मांगों के बीच सरकार ने ही लोकसभा में विधेयक को संसदीय पैनल को भेजने का प्रस्ताव दिया। चौंकाने वाली बात तो यह है कि लोकसभा में सरकार के पास बहुमत है। इसके बावजूद सरकार ने संसदीय पैनल के पास भेजने का प्रस्ताव दिया। इसका मतलब यह है कि सत्तारूढ़ पक्ष दबाव में नहीं, बल्कि अपने मुताबिक काम कर रहा था।

### सरकार ने जानबूझकर संसदीय पैनल के पास भेजा

आपको बता दें कि सरकार ने ठीक इसी दिन विपक्ष की मांगों के खिलाफ राज्यसभा में आधार को



मतदाता सूची से जोड़ने के लिए एक और महत्वपूर्ण विधेयक को ध्वनि मत से पास कराया। यह बताता है कि महिलाओं की शादी की उम्र बढ़ाने से संबंधित विधेयक संसदीय पैनल को भेजना सत्तारूढ़ भाजपा के अनुकूल है। सरकार इस मुद्दे को फिलहाल जिंदा रखना चाहती है जो संभवत: ट्रिपल तलाक मुद्दे की भरपाई कर सकता है।

### पीएम के भाषण से मिले संकेत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को यूपी में अपनी चुनावी रैली में इस मुद्दे का जिक्र भी किया। पीएम के भाषण के बाद किसी को भी इस मुद्दे पर संदेह नहीं रह गया है। भाजपा का इरादा महिलाओं के बड़े वर्ग को चुनाव में आकर्षित करने का हो सकता है। पीएम ने अपने संबोधन में कहा, हर कोई देख रहा है कि इस बिल से किसे परेशानी हो रही है। हालांकि, उन्होंने किसी विपक्षी दल या मुस्लिम समूहों का जिक्र नहीं किया। लेकिन तीन दिन पहले, केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकी ने आलोचकों को तालिबान मानसिकता के साथ पेशेवर प्रदर्शनकारी करार दिया। उन्होंने कहा कि ये लोग उन्हीं वर्गों से आते हैं जो तत्काल तीन तलाक को खत्म करने का विरोध किया था।

### विपक्ष भी खासा सतर्क

कांग्रेस, लेफ्ट, द्रमुक और एनसीपी जैसी पार्टियां इसमें शामिल सामाजिक-लिंग असमानता के मुद्दों पर अपनी आलोचना को ध्यान में रखते हुए और हितधारकों के साथ आगे की चर्चा की आवश्यकता पर जोर देने के लिए सतर्क हैं। यहां तक कि प्रियंका गांधी वाड्रा ने दावा किया कि उनकी महिला सशक्तिकरण वार्ता ने पीएम को बिल लाने के लिए मजबूर किया।

# गर्म कपड़ों के बावजूद सता रही ठंड

## निगम द्वारा शहर के प्रमुख 38 स्थलों पर की गयी अलाव की व्यवस्था

नगर निगम द्वारा प्रभारी आयुक्त परमेश जलोटे के निर्देषानुसार उद्यान विभाग द्वारा ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए ठंड से निजात दिलाने के उद्देश्य से शहर के प्रमुख स्थलों पर लगातार अलाव की व्यवस्था की जा रही है। आज शहर के प्रमुख 38 स्थानों पर जलाऊ लकड़ी उपलब्ध कराई गयी। उद्यान अधिकारी श्री आदित्य शुक्ला ने बताया कि प्रभारी आयुक्त परमेश जलोटे के मार्गदर्शन में आज शहर के प्रमुख स्थानों पर क्रमश: गौरईया घाट, तकिया घाट, दुर्गा नगर, जमतरा, तिलहरी, परसवाड़ा, ओमती थाना, कन्ट्रोल रूम, सांई मंदिर ग्वारीघाट, हनुमान मंदिर ग्वारीघाट, हनुमान मंदिर गेट नं. 2, एवं 3, लार्डगंज थाना, मालवीय चौक पुलिस चौकी, गुरंदी चर्च भरतीपुर इलाहाबाद बैंक के सामने, गुरंदी में मछली मार्केट के पास, भरतीपुर शिव पार्वती मंदिर के सामने, छोटी ओमती झंड़ा चौक, गणेश होटल के सामने, वंशकार मोहल्ला, हरिजन बस्ती, बेलबाग थाने के बाजू से, पत्ती बाजार के पास, प्रेमसागर, सिद्धी केम्प, भवानी चौक, मड़ई माता मंदिर, मरघटाई पम्प, धोबीघाट, कजरवारा, भौंगाद्वार, श्मशानघाट, पुरानी बस्ती सिद्धवटी मंदिर, कृष्णा कॉलोनी, अनराधा कॉलोनी, एवं कजरवारा बस्ती में अलाव की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर जलाऊ लकड़ी अलाव के लिए उपलब्ध कराई जा रही है। अलाव की व्यवस्था नियमित रूप से लगातार मॉग के अनुरूप से कराई जायेगी।





**जबलपुर,यशभारत।** हाड़-मांस को कंपाने वाली ठंडी से लोग परेशान हैं। सोमवार व मंगलवार की अपेक्षा आज पारा एक से दो डिग्री ऊपर चढ़ा है पर ही शीत लहर के कारण गर्म कपड़ों के बावजूद लोग ठंड का एहसास करते रहे। बर्फिली हवाओं की रफ्तार तेज हो गई है और शहर को पूरी तरह से अपनी गिरफ्त में ले रखा है। न्यूनतम तापमान सामान्य से 4 डिसे के 6.3 रहा। जो मंगलवार के मुकाबले 1 डिग्री ज्यादा दर्ज किया गया। कोहरे की धुंध केबीच ओस की बूंदे और ठंडक बढ़ा रही है। सुबह और देर रात कड़ाके की ठंड महसूस की जा रही है। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तरी हवाओं के कारण तापमान लुढ़क गया है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 23.08 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम न्यूनतम तापमान 5.2 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 6 डिग्री कम दर्शक किया गया। आज हवा में नमी प्रात:काल53 प्रतिशत रही।

## बदलेगा मौसम का मिजाज

उत्तरी पाकिस्तान और उससे लगे उत्तर भारत पर एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। 24 और 26 दिसंबर को दो नए पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत में पहुंचेंगे। इन तीन सिस्टम के कारण मध्य प्रदेश में भी मौसम का मिजाज बदलने वाला है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक बुधवार से रात के तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला शुरू होने की संभावना है। पांच दिन बाद बादल छाने के साथ ही प्रदेश में कहीं-कहीं हल्की बारिश भी होने के आसार हैं। तेज धूप निकलने और आसमान साफ रहने से दिन के तापमान में बढ़ोतरी होने लगी है।

# पंचायत चुनाव

## कल दोपहर 3 बजे तक लिए जा सकेंगे उम्मीदवारी से नाम वापस

***जबलपुर।** जिले में पहले और दूसरे चरण में होने वाले त्रि-स्तरीय पंचायतों के निर्वाचन की जारी सूचना के अनुसार पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एक जिला पंचायत सदस्य के पद के लिए प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा आज रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा की गई। जिला पंचायत सदस्यों के निर्वाचन के लिए भरे गये नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा रिटर्निंग अधिकारी एवं कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने की। इस दौरान राज्य निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक डी.डी. अग्रवाल भी रिटर्निंग अधिकारी कक्ष में मौजूद रहे। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा का काम पूरा होने के बाद उम्मीदवारों द्वारा गुरुवार 23 दिसम्बर की दोपहर 3 बजे तक अभ्यर्थिता से नाम वापस लिये जा सकेंगे। जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार अभ्यर्थिता से




नाम वापस लेने की समय सीमा समाप्त होने के बाद चुनाव ल ?ने वाले उम्मीदवारों की सूची तैयार की जायेगी तथा प्रतीक चिन्हों का आवंटन किया जाएगा। मतदान यदि आवश्यक हुआ तो पहले चरण में गुरुवार 6 जनवरी को और दूसरे चरण शुक्रवार 28 जनवरी को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। ज्ञात हो कि जबलपुर जिले में त्रि-स्तरीय पंचायतों के चुनाव दो चरणों में कराये जा रहे हैं। पहले चरण में जिले के सिहोरा, कुंडम, पनागर और जबलपुर (बरगी) जनपद पंचायत क्षेत्र में तथा दूसरे चरण में मझौली, पाटन एवं शहपुरा जनपद पंचायत क्षेत्र में पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्यों के लिए मतदान होगा।

### ईव्हीएम का प्रथम रेण्ड्माईजेशन

*जबलपुर। त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के प्रथम चरण के लिये आज इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों का प्रथम रेण्ड्माईजेशन की प्रक्रिया राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र के वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष में प्रेक्षक पंचायत चुनाव डीडी अग्रवाल, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कर्मवीर शर्मा, अपर कलेक्टर राजेश बाथम, उप जिला निर्वाचन अधिकारी नम- शिवाय अरजरिया एवं विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि की उपस्थिति में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी आशीष शुक्ला द्वारा सम्पन्न कराई गई। इस दौरान श्री शुक्ला द्वारा ईव्हीएम के प्रथम रेण्ड्माईजेशन की प्रक्रिया को विस्तार पूर्वक समझाया गया। कुल उपलब्ध 5141 वेलट यूनिट एवं 1636 कण्ट्रोल यूनिट में से पंचायत चुनाव के पहले चरण में शामिल जिले की चार जनपद पंचायतों पनागर, कुंडम, बरगी एवं सिहोरा में जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत सदस्य के निवार्चन के लिये 6 जनवरी को होने वाले मतदान हेतु 252 ग्राम पंचायत एवं 699 मतदान केन्द्रो के लिये 699 सीयू एवं 1129 बीयू तथा 278 सीयू व 446 बीयू रिजर्व मशीनों का चयन किया गया। रेण्ड्माईजेशन की प्रक्रिया के पश्चात राज्य निर्वाचन आयोग के आईईएमएस पोर्टल द्वारा रिपोर्ट सभी राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियो को प्रदान की गई।

## भाजपा किसान मोर्चा के जिला पदाधिकारी एवँ मंडल अध्यक्ष घोषित

जबलपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष साँसद विष्णुदत्त शर्मा के निर्देश पर किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री दर्शन सिंह चौधरी की सहमति एवँ भाजपा जिलाध्यक्ष श्री जीएस ठाकुर के अनुमोदन के पश्चात भाजपा किसान मोर्चा के नगर अध्यक्ष एड.अभिनव सिंह यादव ने जबलपुर महानगर के जिला पदाधिकारी एवँ 15 मंडलो के अध्यक्ष घोषित किये है। किसान मोर्चा जबलपुर महानगर में चार उपाध्यक्ष, दो महामन्त्री, चार मंत्री, कोषाध्यक्ष, कार्यालय मंत्री, मीडिया प्रभारी एवँ सोशल मीडिया प्रभारी बनाये गए है।*जिला पदाधिकारी - उपाध्यक्ष - संजय पटेल,जितेंद्र यादव, अरविंद मिश्रा, देशराज सिंह ठाकुर महामंत्री - राजकुमार पटेल, भूपेंद्र सिंह परिहार । मंत्री - राजेश शर्मा बंटी, रूपेश राय, डॉ विनीत बाजपेयी, नरेंद्र गुप्ता लालू कोषाध्यक्ष - शिशिर सिंघई ,कार्यालय मंत्री - राजेश त्रिपाठी ,मीडिया प्रभारी - विजेंद्र विश्वकर्मा सोशल मीडिया प्रभारी - रामलाल कोरी,*मंडल अध्यक्ष* कुशाभाउ ठाकरे - संजय पटेल, दीनदयाल उपाध्याय - आशीष साहू स्वामी विवेकानंद - नितिन पटेलचन्द्रशेखर आ?ाद - राजीव नेमालोकमान्य तिलक - आकाश साकेतश्यामा प्रसाद मुखर्जी - श्रीकृष्ण द्विवेदीसुभाषचंद्र बोस - प्रवीण सिंहशहीद भगत सिंह - रिंकू शर्माछत्रपति शिवाजी - चेतराम पटेलवीर सावरकर - कैलाश पटेलअटलबिहारी बाजपेयी - संजय बाबरिया, नर्मदा - धीरज यादवमहाराणा प्रताप - प्रशांत दुबेरानी दुर्गावती - संचय तिवारी, गिरिराज किशोर - भुबनेश्वर उपाध्याय।



## पुलिस जवानों को ब्लड प्रेशर और डायबिटीज की शिकायत

जबलपुर, । पुलिस अस्पताल में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है जिसमें जवानों ब्लड प्रेशर और डायबिटीज की शिकायत सामने आई है। पुलिस अस्पताल में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 100 से ज्यादा जवान उपचार कराने पहुंचे। उनकी जरूरी जांचें, ईसीजी आदि की गई। 90 से ज्यादा जवान ब्लड प्रेशर से पीड़ित मिले। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पुष्पराज पटेल ने जवानों की सेहत की जांच की। इस दौरान स्त्री रोग एवं कैंसर विशेषज्ञ डॉ. कावेरी शॉ पटेल ने महिला जवानों का परीक्षण किया। बड़ी संख्या में पुलिस परिवार के सदस्य शिविर में पहुंचे और सेहत की जांच कराई। बताया जाता है कि अचानक बढ़ी ठंड के कारण पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा ने जवानों च उनके स्वजन की सेहत की चिंता की। उनके निर्देश पर पुलिस अस्पताल में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। डॉ. पटेल ने बताया कि पुलिस जवानों को दिनचर्या में बदलाव लाना चाहिए। भरपूर नींद न हो पाने व खानपान में अनियमितता के कारण वे असमय बीमार हो रहे हैं। ब्लड प्रेशर की तकलीफ भविष्य में गंभीर खतरा बन सकती है। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर रोहित काशवानी, गोपाल प्रसाद खांडेल, संजय कुमार अग्रवाल, शिवेश सिंह बघेल, रक्षित निरीक्षक सौरभ तिवारी, सूबेदार रूमा तेकाम, एएसआइ अवतार बिष्ट समेत करीब 200 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। सभी को आवश्यकतानुसार औषधि का वितरण किया गया। इस दौरान अस्पताल परिसर में पौधरोपण किया गया।

## मध्यप्रदेश बिजली सेक्टर के इतिहास में अधिकतम मांग का नया रिकार्ड
## बिजली की मांग 15,427 मेगावाट दर्ज

जबलपुर, । मध्यप्रदेश में 21 दिसंबर को दोपहर 12.52 बजे बिजली की अधिकतम मांग का नया रिकार्ड बना। राज्य के बिजली सेक्टर के इतिहास में पहली बार बिजली की एक दिन की अधिकतम मांग 15,427 मेगावाट दर्ज हुई। प्रदेश में पिछले पांच दिनसे बिजली की अधिकतम मांग 15,000 मेगावाट के ऊपर दर्ज हो रही है। बिजली कंपनियों के बेहतर प्रबंधन और सुदृढ़ नेटवर्क के कारण बिजली की इस अधिकतम मांग की सफलतापूर्वक सप्लाई हुई और प्रदेश में कहीं भी विद्युत व्यवधान नहीं हुआ।उल्लेखनीय है कि पिछले वित्तीय वर्ष 2020-2021 में 31 दिसंबर को प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 15,425 दर्ज हुई थी। सभी कंपनियों का उचित समन्वय-प्रदेश में 15,427मेगावाट बिजली की मांग की सफलतापूर्वक बिजली सप्लाई करने में एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के कंट्रोल रूम व क्षेत्रीय कार्यालय, स्टेट लोड डिस्पेच सेंटर, पावर जनरेटिंग कंपनी के विद्युत गृहों के साथ मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी व राज्य की पूर्व क्षेत्र, मध्य क्षेत्र एवं पश्चिमम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कंट्रोल रूम एवं मैदानी अभियंताओं व कार्मिकों की सराहनीय भूमिका रही।



## खेल मैदान को बना दिया कचराघर

**जबलपुर।** पश्चिम विधानसभा में ले देकर गिनती के ही खेल के मैदान हैं उन्हीं में से एक है मेडिकल डॉक्टर कॉलनी स्थित बड्डा दादा ग्राउंड जो कचराघर में तब्दील हो रहा है। यह कचरे का ढेर लग गया है। जहां लोग घरों में बचा खाना पन्नी में बांधकर सुबह सफाईकर्मीयो के वाहन में डालकर अपना घर और जीवन तो सुरक्षित कर लेते हैं जो मूक प्राणियों के लिए जहर का काम करता है भोजन से आने वाली गंध से जानवर उसको खाता है और पन्नियों का ढेर उनके पेट में जमा होता जाता है जिससे उनकी मृत्यु भी हो जाती है और कई गम्भीर वीमारियां भी घेर लेती हैं पर लोगों का उदासीन लापरवाह रवैया बनता है मौत का सबब इससे जानवर ही नही सामान्य लोग भी प्रभावित होते हैं जिसकी न कोई जिम्मेदारी लेने बाला है न ही कोई निराकरण करने वाला अंगद फाउंडेशन सेवा संस्थान के अध्यक्ष समाजसेवी जीतू कटारे ने नगर निगम प्रशासन इस ओर ध्यान देने की मांग की है।

## जोन स्तरीय सेमिनार का समापन

# समाज के कमजोर वर्गो के प्रति संवेदनशीलता

**जबलपुर। समाज के कमजोर वर्गो के प्रति सवेंदनशीलता विषय पर 2 दिवसीय जोन स्तरीय आयोजित सेमिनार का समापन पुलिस उप महानिरीक्षक जबलपुर रेंज जबलपुर आर.आर. सिंह परिहार (भा.पु.से) द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर दक्षिण/अपराध गोपाल खाण्डेल, पुलिस अधीक्षक अ.जा.क. समर वर्मा, की उपस्थिति में किया गया।**

कार्यशाला में जबलपुर जोन के जिलों से आये सहायक उप निरीक्षक से निरीक्षक, स्तर के 30 अधिकारी उपस्थित थे। पुलिस अधीक्षक अ.जा.क. समर वर्मा द्वारा बताया गया कि 2 दिवसीय




### ज्ञान अनंत है ,हमेशा कुछ सीखने को ही मिलता है

कार्शशाला में सभी प्रतिभागियों को एस.सी./एस.टी. एक्ट संशोधित अधिनियम 26 जनवरी 2016, व वर्ष 2018, अनुसंधान में भैातिक साक्ष्यों का महत्व एवं उसका संकलन, जे.जे. एक्ट, अभियोजन के परिप्रेक्ष्य में अन्वेषण में हुई त्रुटियों का निराकरण, बच्चों एवं किशोर पर घटित अपराध की जानकारी, (पास्को एक्ट) एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति अत्याचार निवारण अधिनियम हेतु मध्य प्रदेश शासन की योजनायें एवं राहत पुर्नवास आर्थिक सहायता तथा प्रथम सूचना लेखन, आदि के सम्बंध में विस्तार से जानकारी विधि विशेषज्ञों के द्वारा दी गयी है। समापन के अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक जबलपुर रेंज, जबलपुर आर.आर. सिंह परिहार (भा.पु.से) ने कहा कि विगत 2 दिवस आपके लिये काफी उपयोगी साबित हुये होंगे। आपको इस कार्यशाला के माध्यम से कानूनी प्रावधानों के सम्बंध में जानकारी दी गयी है साथ ही नये संशोधित नियमों को भी बताया गया है, जिसका आपको पालन करना एवं कराना है, ज्ञान अनंत है हमें हमेशा कुछ न कुछ सीखने को ही मिलता है, । आपने दो दिनों मे जो भी सुना है समझा है, वह तभी सार्थक होगा, जब आप इसे आत्मसात करेंगे। इस कार्यशाला के माध्यम से आपने जो भी सीखा है, उसे आप अपने थानों मे अपने अधिकारी/कर्मचारियों के साथ शेयर करें, इससे और भी अधिकारी कर्मचारी लाभान्वित होंगे।

## आईजी रेल ने थपथपाई कार्यवाहक उप पुलिस अधीक्षक, रविन्द्र कुमार गौतम की पीठ



**जबलपुर।** कार्यवाहक उप पुलिस अधीक्षक, रेल, जबलपुर रविन्द्र कुमार गौतम ने आर. आर. पी. लाइन, भदभदा रोड, भोपाल में आयोजित जी.आर.पी. की कार्यप्रणाली से संबंधित 06 दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण में भाग लिया। उक्त प्रशिक्षण में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर पुलिस महानिरीक्षक, रेल मध्य प्रदेश, ने उनकी प्रशंसा करते हुए व्यावसायिक दक्षता संवर्धन की अपेक्षा के साथ उज्जवल भविष्य की कामना की।

## संजीवनी नगर में रंगमंच का भूमि पूजन
### विधायक भानोट ने साढ़े4 लाख विधायक निधि दी



**जबलपुर यशभारत** ।पश्चिम क्षेत्रान्तर्गत संजीवनी नगर नब्बे क्वाटर क्षेत्र में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के रहवासियों के लिए क्षेत्र के विधायक तरुण भानोट ने नागरिकों की मांग को स्वीकार करते हुए खुले रंगमंच के निर्माण की सौगात दी है इस अवसर पर संजीवनी नगर कल्याण समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलेश तिवारी ने भूमि पूजन किया ।उल्लेखनीय है कि उक्त क्षेत्र में ऐसा कोल स्थान नहीं था जहां कमजोर वर्ग के परिवार संयुक्त रूप से कोई सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रम कर सकें ।आदर्श मोहल्ला समिति की ओर से अध्यक्ष श्रीकांत विश्वकर्मा के पी सेन करन विश्वकर्मा डा.एम एल शर्मा जे बी गौतम एवं तापेश्वर यादव ने मांग की थी ।उक्त मांग को पूरा करवाने के लिए संजीवनी नगर कल्याण समिति ने अनुशंसा की थी ।भूमि पूजन के अवसर पर पूर्व पार्षद श्याम शर्मा जी डी अग्रवाल आर वी अग्रवाल बी डी साहू एम एम मिश्रा कृष्ण कुमार तरसूलिया आदि वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे ।आदर्श मोहल्ला समिति की ओर से विनोद वैद्य ने सभी को सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया ।

## शशिकांत दुबे और मुनेश चक्रवर्ती का भारतीय टीम में चयन



**जबलपुर।** खेल धानी जबलपुर के स्टार पावरलिफ्टर शशिकांत दुबे एवं मुनेश चक्रवर्ती का टर्की इस्तानबुल में होने वाली एशियन पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2021 में भारतीय टीम में चयन किया गया है यह खिलाड़ी पिछली कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुके हैं शशिकांत दुबे का मास्टर वर्ग में 83 किलो भार वर्ग में चयन किया गया है एवं मुनेश चक्रवर्ती का जूनियर वर्ग में 105 किलो भार वर्ग में चयन किया गया है यह दोनों पावरलिफ्टर मारुति हेल्थ क्लब में अंतर्राष्ट्रीय पावरलिफ्टर आनंद पटेल के मार्गदर्शन में सघन अभ्यासरत है। इन पावरलिफ्टर की उपलब्धि पर पनागर क्षेत्र के विधायक श्री इंदु तिवारी, पूर्व आईपीएस राजेश तिवारी, महाकौशल जिला परिषद के संस्थापक प्रशान्त मिश्र, जबलपुर कारपोरेशन पावरलिफ्टिंग के अध्यक्ष शिव यादव, ने उज्जवल भविष्य की कामना की।

## मंगलायतन 5 बोनस अंकों के साथ टॉप पर



**जबलपुर ।** प्रीमियर लीग वर्ष 2021 चौथे चरण के दूसरे दिन मंगलायतन यूनिवर्सिटी और सर्कुलर क्लब के मैच में मंगलायतन यूनिवर्सिटी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। सर्कुलर क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवरों में 107 रन बनाए । जिसमे पूर्णांक ने 18 रन, रुद्रांश ने 15 रन और पुष्कर ने 13 रन बनाए। मंगलायतन की ओर से राव पटेल ने 4 विकेट और करयं , समर और गगन ने 1-1-1 विकेट लिए। 108 रनों का पीछे करते हुए मंगलायतन ने 9 विकेट पर 108 रन बनाकर 5 बोनस अंकों से अंकतालिका में टॉप पर है। जिसमे अमनप्रीत ने 52 रन, आरव पटेल ने 13 रन बनाए। सर्कुलर की ओर से अनंत वर्मा ने 4 विकेट, पूर्णांक ने 2, अर्पित , देवांश और रुद्रांश ने 1-1-1 विकेट लिए ।मैच ऑफ द मैच रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी विक्रम जंसरी द्वारा राव पटेल को दिया गया, जिसके दरमियाँ जे.डी. सी.ए. सचिव धर्मेन्द्र पटेल उपस्तिथ रहे ।वही दूसरे मैच जो कि रानीताल क्रिकेट मैदान में खेला गया विद्या भूमि और एम.पी.स्पोर्ट्स के मैच में विद्या भूमि ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। एम.पी.स्पोर्ट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट पर 250 रन बनाए। जिसमे वरुण तिवारी ने 113 रन और अनुभव ने 36 रन बनाये। विद्या भूमि की ओर से पुष्कर ने 4 विकेट , निखिल ने 3 विकेट लिए। 251 रनों के पीछे करते हुए विद्या भूमि ने 10 विकेट पर 117 रन बनाए। जिसमे निखिल ने 24 रन और आशुतोष ने 17 रन बनाए। एम.पी.स्पोर्ट्स की ओर से आरव शर्मा ने 5 विकेट,वेदान्त ने 2 विकेट और जागत ने 1 विकेट लिए। वरुण तिवारी को जे.डी.सी.ए. सचिव धमेन्द्र पटेल द्वारा दिया गया।

## सेन समाज का 21वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन 9 जनवरी को

**जबलपुर।** जबलपुर सेन समाज । 21वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन 9 जनवरी 2022 को सिटी बंगाली क्लब, करमचन्द चौक, जबलपुर में आयोजित किया जा रहा है।अत: समस्त सेन बन्धुओं के जिनके विवाह योग्य पुत्र या पुत्री हों वे अपने बच्चों का बायोडाटा 1 जनवरी 2022 तक कार्यक्रम संयोजक नारायण प्रसाद श्रीवास, त्रिमूर्ति मेडिकल स्टोर्स, भानतलैया, जबलपुर के मोबाइल नं. 930077275, 9893201021, 9329892135 में पासपोर्ट फोटो सहित भेजने का कष्ट करें एवं 9 जनवरी 2022 को सुबह 10-00 बजे कार्यक्रम स्थल में पहुंचने का कष्ट करें ।कार्यक्रम में पहुंचने हेतु सर्वश्री हेमंत सेन, श्याम सुन्दर श्रीवास, नागेन्द्र श्रीवास, जगदीश प्रसाद नागर, उदय सेन, बद्री प्रसाद सेन, जगदीश प्रसाद पलिया, कपूर श्रीवास, ग्यारसी प्रसाद उसरेठे, कालका प्रसाद सेन, सौरभ श्रीवास ने कार्यक्रम में पहुंचने हेतु अपील की है।



**गंदा पानी मिलने से दूषित हो रही पतित पावनी**

# सभी ने मां नर्मदा को अपने हाल में छोड़ा

**जबलपुर, यशभारत। स्वच्छता में शहर के अव्वल बनाने के दावे तो खूब हुए लेकिन अंत में 20वें पायदान पर आकर ठहर गए। इसकी एक बड़ी वजह घरों से निकलने वाले सीवेज का सही उपचार नहीं होना है। घूम फिरकर सीवेज का पानी नालों से होता हुआ शहर की लाइफलाइन नर्मदा नदी में पहुंच रहा है। हैरानी की बात तो ये है कि जिस प्रमुख घाट पर बड़े-बड़े जनप्रतिनिधि-अफसर नर्मदा की स्तुति करने पहुंचते है उसी स्थल से 100 मीटर दूर गंदा पानी नर्मदा में मिल रहा है। जिम्मेदारों को खबर होने के बावजूद सिर्फ कागजों में ही नर्मदा स्वच्छता की मुहिम चली है। बीते कुछ सालों में इसको लेकर कुछ प्रयास हुए लेकिन उसका असर नाकाफी है। नगर निगम, जनप्रतिनिधि या प्रशासन हर किसी ने नर्मदा को उसके हाल पर छोड़ दिया।**

### ऐसे समझे सीवेज का गणित

हर रोज करीब 150 एमएलडी पानी घर, व्यावसायिक संस्थानों के जरिए निकलता है। फिलहाल 50.55 एमएलडी ही पानी का उपचार हो पा रहा है। बाकी पानी नालों के जरिए नमर्ज़दा में पहुंचता है। शहर के दो प्रमुख नाले है खंदारी और ओमती नाला। खंदारी नाले से शहर की करीब 40 फीसद गंदगी मिलती है। वहीं ओमती नाले से 60 फीसद पानी पहुंचता है। ओमती नाला परियट नदी में मिलता है। परियट नदी आगे हिरन नदी में मिलती और हिरन नदी नमर्ज़दा नदी में आगे मिल जाती है।

### डेयरी की गंदगी बनी नर्मदा के लिए जहर

शहर में करीब 200 डेयरियां है जिनकी गंदगी सीधे नदियों में पहुंच रही है। इन्हें हटाने के लिए लगातार प्रयास हो रहा है लेकिन डेयरियां नहीं हटाई जा सकी है। डेयरियों से निकलने वाली गंदगी सीधे परियट और गौर नदी से मिलती है। जो आगे आकर नर्मदा में मिलती है। परियट में 100 के आसपास डेयरी शेष और गौर और नर्मदा किनारे डेयरी चल रही है। मप्र प्रदूषण बोर्ड ने डेयरियों में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लागने को कहा है। जिला प्रशासन डेयरियों पर लगातार कार्रज़्वाई कर रहा है फिर भी गंदगी खत्म नहीं हुई।

### *ये नाले बने नर्मदा के दुश्मन*

*ग्वारीघाट नाला, खारीघाट नाला और श्री बाबा श्री घाट के पास के नाले से बस्तियों का गंदा पानी नर्मदा में सीधे पहुंचता है। नगर निगम ने का दावा है कि अभी 550 लीटर प्रतिदिन (केएलडी) पानी का ट्रीटमेंट करने का प्लांट लगा हुआ है। नाले के पानी को पंप से खींचकर कर सीधे ट्रीटमेंट प्लांट में लेकर आया जाता है। जबकि स्थानीय लोगों की माने तो ट्रीटमेंट प्लांट आए दिन बंद रहता है। जिस वजह गंदा पानी सीधे नर्मदा में पहुंचता है। नाव घाट के पास जहां प्लांट लगाया है उसके नीचे से नाले का पानी सीधे नर्मदा में मिलता है। इससे अलावा 50 एमएलडी का प्लांट भी लगाया जा चुका है। तिलवारा घाट पर 50 हजार लीटर प्रतिदिन पानी को साफकरने वाला प्लांट लगाया जाएगा। लागत करीब 36 लाख रुपए होगी। एक माह का वक्त इसे स्थापित करने में लगेगा। इसके अलावा जरूरत पड़ी तो श्रीबाबा श्री के आश्रम से लगे नाले के पानी को साफकरने के लिए 50 हजार लीटर प्रतिदिन क्षमता वाला प्लांट लगाया जाएगा।*

### 362 करोड़ से सीवेज रोकने का प्लान

नगर निगम अमृत योजना के तहत शहर आबादी का सीवेज साफकरने के लिए 362 करोड़ रुपये से तीन ट्रीटमेंट प्लांट बना रहा है। इसमें कठौंदा का 32 एमएलडी प्लांट अगले दो हफ्ते से शुरू होने की उम्मीद है। वहीं 29 एमएलडी का प्लांट तेवर और 34 एमएलडी का प्लांट ललपुर में तैयार हो रहा है। तेवर और ललपुर में करीब 40 फीसद का काम हो चुका है। ये दोनों प्लांट जून 2022 तक शुरू होने की उम्मीद है।

### यहां लगा ट्रीटमेंट प्लांट

| | |
|---|---|
| आधारताल कृषि नगर के सामने- | 50 हजार लीटर प्रतिदिन क्षमता |
| शाहनाला - | 50 हजार लीटर प्रतिदिन क्षमता |
| बादशाह हलवाई - | 50 हजार लीटर प्रतिदिन क्षमता |
| ग्वारीघाट | 5.5 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता |

## एक जनवरी से प्रयागराज नहीं जायेगी पैसेंजर ट्रेन

**जबलपुर यश भारत।** जबलपुर रेल मंडल से होकर गुजरने वाली दो गाड़ियों को रेल प्रशासन ने आगामी 01जनवरी से रद्द एवं शार्ट टर्मिनेट किया है। इस समय में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन ने बताया की रानी कमला पति स्टेशन से अगरतला के बीच चलने वाली साप्ताहिक स्पेशल यात्री गाड़ी नंबर01665 एवं 01666 आगामी 06 जनवरी एवम 09 जनवरी 2022 को रद्द रहेगी। इसी तरह इटारसी से जबलपुर होकर प्रयागराज छौंकी के बीच चलने वाली पैसेंजर गाड़ी नंबर 11117 भी आगामी 01 जनवरी से 10 जनवरी के बीच कटनी तक चलेगी। वापसी में भी यह पैसेंजर गाड़ी न . 11118 प्रयागराज छौकी से न चलकर कटनी से ही जबलपुर होकर इटारसी वापस जायेगी। उक्त अवधि में यह ट्रेन कटनी स्टेशन से ही शुरू और कटनी में ही समाप्त होगी तथा मैहर, सतना, प्रयागराज तक नहीं चलेगी।श्री रंजन ने रेल यात्रियों से अनुरोध किया है कि कोविड प्रोटोकाल का अनुपालन करते हुए अपनी रेल यात्रा करें।

## प्लंबर को लोडिड ऑटो ने रौंदा, मौके पर दम तोड़ा

**जबलपुर यशभारत।** पाटन के कंतोरा मोड़ के पास बाइक सवार प्लंबर को लोडिड ऑटो ने रौंद दिया और मौके से फरार हो गया। घटना के दौरान युवक सिर के बल रोड पर गिरा और ऑटो के पहिए में फंसकर काफी दूर तक घिसट गया। जिसके बाद उसके साथी ने जख्मी हालत में युवक को प्राथमिक केन्द्र में भर्ती किया, जहां डॉक्टरों ने चेक कर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ऑटो सवार के खिलाफ मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि बिनोद लोधी 45 वर्ष निवासी ग्राम पडुआ भेड़ाघाट ने पुलिस को बताया कि उसके मामा का लड़का छतर सिंह तथा वह साथ में ग्राम भवारा में प्लम्बर का काम करने गये थे । दरमियानी रात दोनों बाइक से भुवारा आये और काम खत्म करने के बाद गांव पडुआ जा रहे थे । छत्तर सिंह उसकी बाइक के आगे चल रहा था। रात लगभग 10 बजे कंतोरा मोड़ के पास जबलपुर की तरफ से आ रहे लोडिंग आटो क्रमांक एमपी 20 एल ए 8379 के चालक ने छतर सिंह की बाइक में टक्कर मार दी। पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद छतर सिंह बाइक सहित गिर गया । जिसे सिर में गंभीर चोटें आईं। उसने छतर सिंह के परिवार जनों को सूचना दी एवं 108 एम्बुलेंस बुलवाकर शासकीय अस्पताल पाटन लेकर गया जहां डॉक्टर ने छतर सिंह 35 वर्ष को मृत घोषित कर दिया। वहीं, ऑटो चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।

## मध्य प्रदेश- राज्य की अधीनस्थ अदालतों के न्यायाधीशों के लिए बनाई जाए आचार संहिता

**एमपी स्टेट बार कौंसिल यूएस सीजेआई व एमपी हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, सीजे को एक पत्र भेजा**



**जबलपुर।** एमपी स्टेट बार कौंसिल के शैलेंद्र वर्मा ने प्रधान न्यायाधीश, सीजेआई व एमपी हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, सीजे को एक पत्र भेजा है। इसके जरिये राज्य की अधीनस्थ अदालतों के न्यायाधीशों के लिए आचार संहिता बनाए जाने पर बल दिया गया है। पत्र में कहा गया है कि जिस तरह सुप्रीम कोर्ट व हाई कोर्ट के न्यायाधीशगण अनुशासित व समयब तरीके से कार्य करते हैं, वैसी ही व्यवस्था अधीनस्थ अदालतों के सिलसिले में भी लागू की जाए। इससे न्याय-रथ के बार-बेंच रूपी दोनों पहियों में समुचित समन्वय बना रहेगा। वकीलों के साथ अनुचित व्यवहार पर अंकुश सुनिश्चित होगा। साथ ही मौजूदा गतिरोध जैसे हालात नहीं बनेंगे। राज्य सरकार विधानसभा के शीतकालीन सत्र में लागू करे एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट ~ मध्य प्रदेश के वकील इंदौर की घटना को लेकर न्यायिक कार्य से विरत रहे। इसी बीच छिंदवाड़ा परासिया में युवा अधिवक्ता रितेश चौरिया की हत्या की सूचना मिली।इसी के साथ जबलपुर के वकील आक्रोशित हो गए। लंबे समय से एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट की मांग जारी है। लेकिन सरकार सिवाय आश्वासन के कुछ नहीं दे पाई।लिहाजा, विधानसभा के शीतकालीन सत्र में हर हाल में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए।

## नये अधिवक्ता आधार कार्ड या परिचय पत्र जमा कराने के बाद ही अदालतों में जाएं

**काले कोट की आड में चल रही मनमानी पर अंकुश लगाने का प्रयास**

**जबलपुर।** जिला बार एसोसिएशनए जबलपुर के अध्यक्ष व स्टेट बार उपाध्यक्ष आरके सिंह सैनी ने साफ किया है कि युवा अधिवक्ता सबसे पहले अपना आधार कार्ड व परिचय पत्र बार कार्यालय में जमा करें। इसके बाद ही वरिष्ठ अधिवक्ता के साथ पैरवी करने अदालतों में जाएं। ऐसा इसलिए क्योंकि काले कोट की आड में मनमानी नहीं चलने दी जाएगी। शिकायतें मिलने पर ठोस कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि जो वकील विधि व्यवसाय के अतिरिक्त अन्य क्रियाकलापो में संलग्न रहते हैंए उनके खिलाफ शिकायत को गंभीरता से लिया जाएगा। सैनी ने चेताया कि अधिवक्ता सिर्फ विधि व्यवसाय में ही संलग्न रहे और किसी के विवादों व थानों में अनावश्यक रूप से हस्तक्षेप न करें। उन्होंने अपने बयान में कहा कि जिला अधिवक्ता संघ को ऐसी कोई भी शिकायत प्राप्त होगी जिसका उस प्रकरण से अधिवक्ता का कोई सरोकार नहीं हैए तो उस अधिवक्ता पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## ग्वालियर, जयपुर, नागपुर विवि एवं औरंगाबाद अंतिम चार में



जबलपुर। पश्चिम क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालयीन बालीबॉल जो शारीरिक शिक्षण विभाग, रानी दुर्गावती विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता के चौथे दिन क्वालीफाइंग राउंड के चार मैच लोकबहादुर सचिव हॉकी मध्यप्रदेश एवं संतोष सिंह राजपूत पूर्व जिला खेल अधिकारी, म.प्र. वालीबॉल संघ के कोषाध्यक्ष मृदलेश के मुख्य आतिथ्य में खेले गए।

**कलेक्टर कर्मवीर शर्मा की उपस्थिति में आज होगा प्रतियोगिता का समापन**

मुख्य अतिथि पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ पदाधिकारी तथा ओमती संभाग के नगर पुलिस अधीक्षक आर.डी. भारद्वाज रहे और प्रतियोगिता के दौरान विश्वविद्यालय के खेल पदाधिकारियों, खेल प्रेमियों, और खिलाड़ियों से खेल के संबंध में विस्तारपूर्वक संवाद स्थापित कर सभी का उत्साहवर्धन। प्रतियोगिता के दौरान सभी आमंत्रित अतिथियों का स्वागत आयोजन सचिव प्रो. विशाल बन्ने एवं आयोजन समिति सदस्य डॉ. सुनील लखेरा द्वारा किया गया। प्रातः पहला मैच क्वालीफाई करने के लिए एल.एन.आइ.पी. ग्वलियर एवं मुम्बई विश्व विद्यालय के मध्य खेला गया, जिसमें गतवर्ष की तरह ही ग्वालियर 3-2 से जीतकर अंतिम चार में जगह बनाई, द्वितीय मैच पारूल विश्व विद्यालय बड़ोदरा विरूद्ध डॉ. बी.ए.एम. औरंगाबाद विश्वविद्यालय के बीच खेला गया जिसमें औरंगाबाद विश्व विद्यालय 3-2 से विजयी रही, तीसरा क्वालीफाइंग मैच गुजरात विश्व विद्यालय अहमदाबाद एवं यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान जयपुर के मध्य खेला गया जिसमें जयपुर विश्वविद्यालय 3-2 से विजयी हुआ, चौथा क्वालीफाइंग मैच आर.टी.एम. नागपुर एवं पूना के मध्य खेला गया जिसमें नागपुर ने जीत 3-0 से अर्जित कर बेस्ट फोर में जगह बनाई। स्पर्धा में गोवा, महाराष्ट्र, राजस्थान गुजरात मध्य प्रदेश की टीमें हिस्सा ले रही हैं, स्पर्धा का समापन बुधवार को कलेक्टर कर्मवीर शर्मा की उपस्थिति में होगा। नॉकआउट कम लीग आधार पर खेली जा रही स्पर्धा के लीग मैच सायंकालीन सत्र में प्रारंभ हुए इस सायंकालीन मैच के मुख्य अतिथि रादुविवि के रजिस्ट्रार प्रो. ब्रजेश सिंह, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. दीपेश मिश्र, प्रो. के.बी. अग्रवाल, प्रो. जी.पी. चौरसिया, प्राचार्य श्री भारद्वाज जी.सी.एस.पी. ओमती श्री रोहित सिंह कौशल फायनेंस कंट्रोलर थे। कोर्ट नं. 1 पर पहला लीग मैच एल.एन.आई.पी. ग्वालीयर एव बी.ए.एम.एस. औरंगाबाद के मध्य खेला गया जिसमें औरंगाबाद 3-1 से जीतकर तीन अंक अर्जित किए, कोर्ट नं. 2 पर आर.टी.एम. नागपुर विरूद्ध राजस्थान विश्व विद्यालय जयपुर खेला गया जिसमें राजस्थान ने 3-1 से जीतकर तीन अंक अर्जित किए। प्रतियोगिता के दौरान प्रो. अलका नायक, प्रो. के.के. दुबे, हरीश दुबे, डॉ. आशीष पांडे, डां. शालनी यादव, अवधेश दुबे, डॉ. शक्ति सिंह भण्डलोई, मोहनी वावकर, नेहा तिवारी, हेमंत शर्मा, प्रवीण पांडे, सुदर्शन सिंह ठाकुर, संजय कुमार मुरीन खान।

## खेलों से ऊर्जा का संचार ,शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है - बाथम

जबलपुर। टेनिस वॉलीबॉल कारपोरेशन के सचिव पंकज कुशवाह ने बताया कि मध्य प्रदेश टेनिस वॉलीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश बंटी गौतम के मार्गदर्शन में आज दिनांक 21 दिसंबर 2021 को श्री राम कॉलेज खेल मैदान पर जिला स्तरीय टेनिस वॉलीबॉल चयन स्पर्धा का आयोजन किया गया जिसमें जबलपुर जिले के 70 बालक बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश टेनिस वालीबॉल एसोसिएशन के सचिव मुकेश बाथम उपस्थित रहे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जबलपुर टेनिस वॉलीबॉल कारपोरेशन के अध्यक्ष सरदार हरविंदर सिंह एवं सलिल शिवहरे कोषाध्यक्ष मध्य प्रदेश टेनिस वालीबॉल एसोसिएशन उपस्थित रहे वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता जबलपुर टेनिस वॉलीबॉल कारपोरेशन के सचिव पंकज कुशवाहा द्वारा की गई अतिथि के रूप में प्रेम लाल कुशवाहा कोषाध्यक्ष जबलपुर टेनिस वॉलीबॉल कारपोरेशन सह सचिव सुजीत दहिया एवं अंतर्राष्ट्रीय टेनिस वॉलीबॉल खिलाड़ी लोकपाल जाटव अतिथि के रूप में उपस्थित रहे वहीं मंच संचालन अजय कुमार दुबे सचिव उमरिया टेनिस वॉलीबॉल एसोसिएशन द्वारा किया गया। इस दौरान दामिनी राष्ट्रीय खिलाड़ी टेनिस वॉलीबॉल तनिष्क सोनी राष्ट्रीय खिलाड़ी टेनिस वॉलीबॉल प्रवीण पटेल राष्ट्रीय खिलाड़ी टेनिस वॉलीबॉल सुमित जाटव राष्ट्रीय खिलाड़ी टेनिस वॉलीबॉल आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान चयन समिति द्वारा जबलपुर टेनिस वॉलीबॉल कारपोरेशन की बालक बालिका टीम का चयन किया गया जो कि सतना में 25 दिसंबर से 27 दिसंबर तक राज्य स्तरीय जूनियर एवं सब जूनियर टेनिस वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करेंगे।

## केंट चोरी का खुलासा : बेटी को प्रेमजाल में फंसाकर घर में ही करवाई थी चोरी



**केंट थाना पुलिस ने आरोपी से बरामद किया चोरी का सामान**

**जबलपुर,यशभारत।** पहले तो घर की बेटी से आरोपी ने दोस्ती की फिर उसके माध्यम से घर की पैतृक सम्पत्ति चुराई और उसे गिरवीं रख दिया। मामला केंट थाने में पिछले दिनों चोरी का है। जहां सदर स्थित बंगला नम्बर पांच में 33 बर्षिय हितेश कुमार वकलवार रहते है। जिसकी दोस्ती आसिफ नाम के लड़के से हो गई थी। आसिफ ने बातों ही बातों में उससे परिवार की सम्पत्ति के बारे में पता किया और बड़ी ही चालाकी से उससे अपने ही घर में चोरी करवाने को मजबूर किया। लड़की ने घर में चोरी कर, कीमती सामान आसिफ को लाकर दिया जिसको आसिफ द्वारा डेढ लाख रूपयों में गिरवीं रख दिया गया। लेकिन बाकलवार परिवार को जैसे ही सम्पत्ति की चोरी की जानकारी लगी तो उन्होने पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज कर कराई। मामले की छानबीन में यह तथ्य सामने आए कि घर के ही किसी सदस्य द्वारा चोरी को अंजाम दिया गया होगा और जब पुलिस ने पूछताछ की तो घबराकर बेटी ने सारा मामला पुलिस के सामने उजागर कर दिया। पुलिस ने आरोपी आसिफको हिरासत में लेकर जब पूछताछ की तो उसने बताया कि कुछ सामान उसके द्वारा डेढ़ लाख रूपये में गिरवीं रख दिया गया है। वही आसिफ की निशानदेही पर पुलिस ने करीब तीन लाख रूपये कीमत का सामान आसिफ के घर से बरामद कर मामला कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### विधायक विनय सक्सेना के सवाल से हुआ खुलासा

## फायर सेफ्टी क्लियरेंस सर्टिफिकेट लिए बिना संचालित हैं 25 अस्पताल

**जबलपुर।** विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को विधायक विनय सक्सेना द्वारा सरकार पर दागे गए सवाल से एक सार्थके तथ्य सामने आया है जो सनसनीखेज और खतरनाक भी है। विधायक श्री सक्सेना ने विधानसभा में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी से सवाल किया कि बताया जाए जबलपुर में कितने अस्पताल/नर्सिंग होम ऐसे हैं जो बिना अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र लिए सचालित हो रहे हैं? इस पर लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी की ओर से लिखित जवाब आया है जिसमें साफ कहा गया है कि जबलपुर में ऐसे अस्पतालों की तादात 25 है जिनके पास फायर सेफ्टी क्लियरेंस सर्टिफिकेट नहीं है। आपको ज्ञात हो कि जबलपुर जिले में कुल 120 अस्पताल नर्सिंग होम संचालित किए जा रहे हैं। इनमें से 25 अस्पताल सुरक्षा नियमों को मुंह चि?ाकर बे?ौ? संचालित हो रहे हैं। विधायक विनय सक्सेना ने सरकार से पूछा है कि आवश्यक प्रमाण पत्र और दस्तावेजों के अभाव में जो अस्पताल संचालित हो रहे हैं उसकी जानकारी होने के बाद भी सरकार ने अब तक उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की है? इस पर मिला जवाब जहाँ सोचने पर विवश करता है तो वहीं सरकार की निरंकुशता, बेफिक्री और लापरवाही की पोल भी खोलता है। सरकार ने जवाब में महज इतना ही कहा है कि ऐसे सभी अस्पतालों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। मतलब महज नोटिस जारी कर सरकार ने अपनी जिममेदारी पूर्ण कर ली और 25 अस्पलाओं को लोगों की जिंदगी से खेलने आजाद छोड़ रखा है।



**हमीदिया हादसे से नहीं लिया कोई सबक, नींद में मदहोश प्रशासन और सरकार?**

आपको मालूम होगा कि अभी कुछ समय पूर्व ही भोपाल के हमीदिया अस्पताल में हुए अग्नि हादसे में अनेक मासूम बच्चों की हौलनाक मौत हुई। इसके बाद भी सरकार और उसके नुमाइंदों को कोई फर्क नहीं पड़ा। अस्पतालों में आवश्यक प्रमाणपत्रों व ,जरूरी दस्तावेजों की सघन जांच की कोई मुहिम नहीं छेड़ी गई और ना ही ऐसे खतरनाक किसी अस्पताल को बन्द कराया गया जो मनमाने तरीके से संचालित हो रहे है? ऐसे कहा जा सकता है कि हमीदिया अग्नि हादसे से सरकार ने शायद कोई सबक नहीं सीखा और शायद पुनः इस तरह के हादसों की सरकार बात जोह रही है।

## केन्द्रीय विद्यालय गढ़ा के भूमि आवंटन का शीघ्र निराकरण हो - तरूण भनोत

जबलपुर। पिछले 14 वर्षो से मानक स्तर के भवन और सुविधाओं की बांट जोहता केन्द्रीय विद्यालय गढ़ा को भूमि आवंटन में थोड़ा और वक्त लग सकता है। वर्ष ॢ00द्य-0द्व में केन्द्रीय विद्यालय गढ़ा का शैक्षणिक सत्र शुरू हुआ था, जिसे गढ़ा स्थित शासकीय विद्यालय में अस्थाई रूप से प्रारंभ किया गया था, किंतु 14 वर्ष से अधिक का समय बीत जाने के बावजूद भी प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन इस विद्यालय को मानक स्तर के भवन निर्माण एवं अन्य सुविधाओं के विस्तार के लिये भूमि आवंटन न कर सकी।



उक्त आरोप प्रदेश सरकार में पूर्व वित्त मंत्री एवं पश्चिम क्षेत्र से विद्यालय तरूण भनोत ने प्रदेश सरकार पर लगाया है। विधायक श्री भनोत के द्वारा विधानसभा में केंद्रीय विद्यालय गढ़ा के अपेक्षित भूमि आवंटन के सम्बंध में पूछे -ये अतारांकित प्रश्न के जवाब में स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री इंदर सिंह परमार ने बताया कि केन्द्रीय विद्यालय गढ़ा के भूमि आवंटन का प्रकरण नायब तहसीलदार, अधारताल के समक्ष लंबित है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इतने वर्ष बीत जाने के बावजूद भी जिला प्रशासन केन्द्रीय विद्यालय, गढ़ा को भूमि आवंटन न कर सकी। गौरतलब है केन्द्रीय विद्यालय, गढ़ा का प्रबंधन जिला प्रशासन के पास है। इस विद्यालय के विद्यालय मैनेजमेंट कमिटी के चेयरमेन स्वयं कलेक्टर, जबलपुर है, किंतु पिछले अल वर्षो में कई कलेक्टरों की पदस्थापना हुई, किंतु अल वर्षो के बाद भी केन्द्रीय विद्यालय, गढ़ा को उपयुक्त भूमि का आवंटन न होना ज़िला प्रशासन का शिक्षा को लेकर बेरुख़ी को दर्शाता हैं। विधायक श्री भनोत ने बताया कि वे इस मामले में कलेक्टर जबलपुर से चर्चा कर भूमि का आवंटन के लंबित प्रकरण को यथाशीघ्र निराकरण कराने का प्रयास करेंगे कि इस बहुप्रतिक्षित केन्द्रीय विद्यालय, गढा को भूमि आवंटन किया जा सकें ताकि केंद्रीय विद्यालय सं-ठन अपने नियमों और मनकों के अनुरूप विद्यालय के निर्माण कार्य का मार्ग-प्रशस्त हो।

## समयमान वेतनमान के लाभ से वंचित कोरोना योद्धा

**जबलपुर।** म.प्र. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने आरोप लगाया के स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से कोरोना योद्धा समयमान वेतनमान के लाभ से वंचित हैं। संघ ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में नेत्र सहायक, एम.पी.डब्ल्यू. ए.एन.एम आदि पदों पर कार्यरत सैकड़ों लोक सेवकों को 10, 20 एवं 30 वर्षों की सेवा उपरांत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय समयमान वेतनमान दिये जाने के आदेश तो जारी किये जा चुके हैं, किन्तु विभाग द्वारा कोष एवं लेखा से सेवापुस्तिकाओं में वेतन निर्धारण का अनुमोदन न लिये जाने के फलस्वरूप उन कर्मियों को समयमान वेतनमान का लाभ आज दिनांक तक प्राप्त नहीं हो रहा है। तथा जनवरी एवं जुलाई 2020 की रोकी गई वेतन वृद्धि एरियर्स की 50 प्रतिशत राशि जिसका भुगतान माह नवम्बर 2021 में होना था वह भी आज दिनांक तक लंबित रखा गया है। जिससे उनमें भारी आक्रोश व्याप्त है। संघ के योगेन्द्र दुबे, अर्वेन्द्र राजपूत, संजय यादव, मुकेश सिंह, मिर्जा मंसूर बेग, आलोक अग्निहोत्री, आदि ने कलेक्टर जबलपुर से मांग की है कि कोरोना योद्धाओं को समयमान वेतनमान का लाभ तथा वेतन वृद्धि एरियर्स की 50 प्रतिशत राशि का शीघ्र भुगतान के निर्देश दिये जायें।



## संपादकीय

# कानून को अपना काम करने दीजिए

हाल ही के दिनों में पंजाब में दो अप्रिय घटनाक्रम सुर्खियों में रहे, जिसमें भीड़ ने अलग-अलग स्थानों में दो व्यक्तियों को पीट-पीटकर मार डाला। दोनों घटनाक्रम कथित बेअदबी के प्रयासों से संबंधित रहे हैं। इसमें दो राय नहीं कि किसी धर्म विशेष की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से किये गए किसी भी कुत्सित कार्य की सख्त शब्दों में निंदा की जानी चाहिए। लेकिन वहीं दूसरी ओर दो लोगों की निर्मम हत्या कानून की घोर अवहेलना को ही तो दर्शाती है। निस्संदेह किसी सभ्य-सुसंस्कृत समाज में आवेशित भीड़ द्वारा किसी की जान लेने की प्रवृत्ति का कोई स्थान नहीं हो सकता। बेहतर होता कि कानूनी कार्रवाई के लिये आरोपी को पुलिस को सौंप दिया जाता ताकि इसके मूल में यदि कोई बड़ी साजिश होती तो उसकी जड़ तक पहुंचा जा सकता था। नियामक व प्रबंधन से जुड़ी धार्मिक संस्था को समझदारी व जिम्मेदारी से समय रहते स्थिति को संभालना चाहिए था। किसी भी स्थिति के नियंत्रण से बाहर होने से पूर्व ही हालात को संभाल लिया जाना आवश्यक हो जाता है। वहीं कपूरथला जिले में भी ऐसे घटनाक्रम की पुनरावृत्ति हुई। हालांकि, शुरुआती दौर में पुलिस द्वारा कहा गया कि ऐसा कोई सबूत सामने नहीं आया है जो स्थापित करे कि आस्था के प्रतीकों का अनादर किया गया। बहुत संभव है कि संदेह के आधार पर व्यक्ति सामूहिक आक्रोश का शिकार बना हो। लेकिन ऐसी प्रवृत्तियों से बचा जाना चाहिए। जुलाई में भी गुरदासपुर-पठानकोट मार्ग पर एक धार्मिक स्थल में चोरी के कथित आरोप में सीमा सड़क संगठन के एक कर्मचारी को पीट-पीटकर मार डाला गया था। वहीं अक्तूबर में किसान आंदोलन के दौरान सिंघु बॉर्डर पर एक श्रमिक पर बेअदबी के आरोप में धारदार हथियारों से जानलेवा हमला किया गया था। पंजाब में बेअदबी एक बेहद संवेदनशील और भावनात्मक मुद्दा रहा है। वर्ष 2015 में भी इस तरह की एक श्रृंखला ने पंजाब को उद्वेलित किया था, जिसको लेकर राजनीतिक दलों द्वारा आरोप-प्रत्यारोपों का सिलसिला लगातार चलता रहा है। पंजाब बेहद संवेदनशील दौर से गुजर रहा है। राज्य में अगले साल के प्रारंभ में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा राज्य में सांप्रदायिक सद्भाव बाधित करने के कुत्सित प्रयास हो सकते हैं, जिसके चलते राजनीतिक दलों को जिम्मेदाराना व्यवहार करने तथा पुलिस-प्रशासन द्वारा चौकस रहने की आवश्यकता है। इन तमाम हालात को देखते हुए पंजाब सरकार की भी जिम्मेदारी बनती है कि कानून-व्यवस्था बनाये रखने को लेकर सतर्क रहे और असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटे। ऐसे संवेदनशील समय में सत्तापक्ष के साथ ही विपक्षी दलों की भी जवाबदेही बनती है कि वे ज्वलनशील मुद्दों को हवा देने से बचें। राज्य में सांप्रदायिक सौहार्द बनाये रखना प्राथमिकता होनी चाहिए। भीड़ द्वारा हिंसा की घटना पर राजनीतिक दलों का प्रतिक्रिया से परहेज हिंसा की अनदेखी करने के समान ही है। इसमें दो राय नहीं कि देश के विभिन्न राज्यों में भीड़ की हिंसा को रोकने के लिये राजनीतिक इच्छाशक्ति में कमी लगातार सामने आती रही है। विडंबना देखिये कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में भीड़ द्वारा की गई हिंसा में मारे गये लोगों और घायलों का विवरण अलग-अलग संकलित नहीं करता। ऐसी उदासीनता को दूर करने की जरूरत है। जाहिर बात है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी व तंत्र की उदासीनता के चलते लोकतंत्र की कीमत पर भीड़तंत्र को बढ़ावा दिया जा रहा है। राजनेताओं को अहसास होना चाहिए कि यदि वे भीड़ के निरंकुश व्यवहार व कानून को हाथ में लेने की प्रवृत्ति की अनदेखी करेंगे तो जहां लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन होगा, वहीं मानव अधिकारों का भी उल्लंघन होगा। इस मुद्दे को दल की राजनीतिक सोच व चुनावी लाभ-हानि के दायरे से ऊपर उठकर देखा जाना चाहिए। यह नजरिया देश के हर राज्य के संदर्भ में होना चाहिए। मानवता की भी यही दरकार है कि किसी व्यक्ति को किसी कृत्य के लिये सजा देने का काम न्यायिक व्यवस्था का है, भीड़ को कानून हाथ में लेने व दंडित करने का अधिकार नहीं है।

## जानलेवा ठंड

# जलवायु परिवर्तन प्रभाव से मौसम में तल्खी

**समूचे देश में खासकर उत्तर भारत में पहाड़ों पर लगातार हो रही बर्फबारी और ठंडी हवाओं के चलने से शीत लहर के प्रकोप से लगातार ठंड बढ़ रही है, जो कम होने का नाम नहीं ले रही है। भीषण ठंड से लोग बेजार हैं। उत्तराखण्ड में प्राकृतिक जलस्रोत जमने लगे हैं। केदारनाथ और मुक्तेश्वर में नलों और तालाबों का पानी जमने लगा है। श्रीनगर में डल झील सहित दूसरे जलस्रोतों की दशा भी ऐसी ही है। कहीं बर्फीले तूफान के चलते वाहन अधर में फंसे प? हैं, कहीं प्रशासन ने यलो अलर्ट जारी कर दिया है।**



राजस्थान के गंगानगर, चुरू, बीकानेर, अलवर, हनुमानगढ़, नागौर, जैसलमेर, पाली, जोधपुर, झुंझनू, सीकर, टौंक, जयपुर, अजमेर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ में यलो अलर्ट जारी कर किया गया है। देश के अधिकांश हिस्सों में तापमान 3 से 5 डिग्री से भी ज्यादा नीचे गिरने से जहां जन-जीवन प्रभावित हुआ है, वहीं लोगों का जीना दुश्वार हो गया है।

असलियत तो यह है कि बीते दिनों जम्मू-कश्मीर में औसतन तापमान शून्य से 5.9 डिग्री नीचे गया, जबकि गुलमर्ग में शून्य से 10.4 डिग्री नीचे रहा। पहलगाम में 8.7 डिग्री, श्रीनगर में 6.2 डिग्री, बिहार के पटना में न्यूनतम 5.3 डिग्री पहुंचा। राजस्थान में शेखावाटी अंचल में तापभाव शून्य से 5 डिग्री नीचे रहा, वहीं राज्य की 36 जगहों पर वह 9 डिग्री से भी नीचे रहा। पंजाब-हरियाणा में 1.6 डिग्री, हिमाचल में 12.2 डिग्री नीचे रहा, वहीं मध्यप्रदेश के सागर और ग्वालियर सहित 14 जिले शीत लहर के भीषण प्रकोप से जूझ रहे हैं।

गौरतलब है कि इस बार देशवासियों को बीते बरसों की तुलना में भीषण ठंड का सामना करना पड़ रहा है। सन् 1965 के दिसम्बर माह में देश में शीत लहर का प्रकोप नौ दिन तक रहा था। लेकिन इस बार इसने 1965 का रिकार्ड तोड़ दिया है और इसके जनवरी के पहले पखवाड़े तक रहने का अनुमान है। देश की राजधानी दिल्ली ने तो बीते रविवार को 15 सालों का रिकार्ड तोड़ दिया है। यहां पारा 4.6 डिग्री तक पहुंच गया जो सीजन का सबसे सर्द दिन रहा है। इसका अहम कारण जलवायु परिवर्तन के चलते प्रशांत महासागर में हुए मौसम के बदलाव की वजह से ला नीना का प्रभाव है।

दरअसल मौसम के चक्र में प्रशांत महासागर की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। ईएनएसओ प्रशांत महासागर की सतह पर पानी और हवा में असामान्य बदलाव लाता है। इसका असर पूरी दुनिया के वर्षा चक्र, तापमान और वायु संचरण प्रणाली पर पड़ता है। जहां ला नीना ईएनएसओ के ठंडे प्रभाव का परिचायक है, वहीं अल नीनो भीषण गर्मी के प्रभाव का प्रतीक है। देखा गया है कि दोनों ही प्रभाव प्रशांत महासागरीय क्षेत्र में सामान्य तापमान में असमानता पैदा करते हैं। ला नीना में प्रशांत महासागर की गर्म पानी की सतह पर हवा पश्चिम की ओर बहती है, नतीजतन गर्म पानी में हलचल होने से ठंडा पानी सतह पर आ जाता है, इससे पूर्वी प्रशांत क्षेत्र सामान्य से काफी ठंडा हो जाता है। ला नीना के चलते सर्दियों में तेजी से हवा बहने पर भूमध्य रेखा और उसके आसपास का पानी सामान्य से ज्यादा ठंडा हो जाता है। इससे महासागर का तापमान समूची दुनिया के मौसम को प्रभावित कर देता है। इसके कारण कहीं भारी बारिश, कहीं बाढ़ तो कहीं सूखे की स्थिति पैदा होती है।

हमारे देश में पहाड़ों पर भीषण बर्फबारी के चलते कड़ाके की जानलेवा ठंड इसी ला नीना का परिणाम है। मौसम विभाग और दुनिया के वैज्ञानिक भी इस तथ्य को प्रमाणित करते हैं। जहां तक भारत का सवाल है, मैरीलैंड यूनिवर्सिटी अमेरिका के जलवायु वैज्ञानिक रघु मूर्तगुडे की मानें तो भारत में समूचे उत्तर, मध्य और दक्षिण भारत के पहाड़ी इलाकों में भीषण ठंड का प्रमुख कारण ला नीना ही है। भारत में ला नीना का असर सर्दी के मौसम में ही होता है। इसके चलते हवायें उत्तर-पूर्व के हिस्सों की ओर से बहती हैं। इससे पैदा पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तर और दक्षिण में निम्न दबाव बनता है, नतीजतन देश में भीषण बारिश और बर्फबारी होती है और शीत लहर के प्रकोप में बढ़ोतरी होती है।

इस बार शीत लहर के प्रकोप से आने वाले 15-20 दिनों तक राहत मिलने के आसार नहीं हैं। नतीजतन शहरों में प्रदूषण का स्तर भी बढ़ा रहेगा। ऐसे में अधिक सावधानी बरतने की जरूरत है। बहुत जरूरत हो तभी घर से बाहर निकलें अन्यथा घर में ही रजाई के अंदर दुबके रहें। भीषण जानलेवा सर्दी से फसलों के बर्बाद होने की आशंका को भी नकारा नहीं जा सकता। इससे किसान काफी भयभीत है। पारा गिरने और पाला पड़ने से रबी की फसल का नुकसान होगा, सब्जियों का भी नुकसान होगा। पौधों की पत्तियां हरी होने की जगह हल्की भूरी पड़ने लग जायेंगी। टमाटर, गोभी, बैंगन और मिर्च की फसल पर सबसे ज्यादा असर पड़ेगा। रोजमर्रा की जरूरतों, खासकर भोजन, पानी और बिजली जैसी सुविधाओं व स्वास्थ्य सेवा पर इसका असर पड़ेगा। कड़ाके की ठंड पड़ेगी, ऊर्जा की खपत बढ़ेगी, खर्च बढ़ेगा, धीमी आर्थिक प्रगति की दर और बढ़ती महंगाई आम जनता की जेब पर भारी पड़ेगी। ऐसी हालत में दूसरे साधनों पर निर्भरता और बढ़ेगी। इससे खाद्यान्न तो प्रभावित होगा ही, अर्थव्यवस्था पर भी भारी प्रतिकूल प्रभाव पड़े बिना नहीं रहेगा। दुनिया की स्थिति भी कमोबेश यही रहेगी।

## घर में रहते हुए गुजारा भत्ता

# न्यायिक व्यवस्था का इंतजार

अभी तक यही सुनते और पढ़ते आ रहे हैं कि अलग रह रही पत्नी या विवाह विच्छेद होने की स्थिति में ऐसी स्त्री और ऐसे दंपति की संतान दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत भरण-पोषण की हकदार है। यही नहीं, संतान की उपेक्षा का शिकार हो रहे माता-पिता भी इस कानून के तहत भरण-पोषण के हकदार हैं। लेकिन, क्या पति के साथ एक ही छत के नीचे रहने वाली पत्नी भी धारा 125 के तहत भरण-पोषण भत्ते का दावा कर सकती है? सुनने और पढ़ने में यह थोड़ा अजीब लगे लेकिन यह सवाल इस समय न्यायालय के विचाराधीन है।दिल्ली की एक कुटुम्ब अदालत ने पति के साथ ही उसके घर में रहने वाली पत्नी की याचिका पर उसे गुजारा भत्ता देने का आदेश पति को दिया है। इस आदेश के परिप्रेक्ष्य में न्यायपालिका के समक्ष एक सवाल आया है कि क्या पति के साथ ही घर में रहने वाली पत्नी धारा 125 के तहत भरण-पोषण भत्ते का दावा कर सकती है। दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 का संबंध पत्नी, संतान और माता-पिता के भरण-पोषण से संबंधित है। इसके अंतर्गत कोई भी स्त्री पति की उपेक्षा या पति से अलग रहने की स्थिति में गुजारा भत्ते की हकदार होती है। यह प्रावधान ऐसे व्यक्ति की संतानों और माता-पिता के मामले में भी लागू होता है।दिल्ली उच्च न्यायालय ने सेवानिवृत्त पति की याचिका पर अब पत्नी से जवाब मांगा है। पति ने सवाल उठाया है कि क्या अपने पति के साथ उसके ही घर में रहने वाली पत्नी धारा 125 के तहत गुजारा भत्ते की हकदार है। इस मामले में 10 फरवरी को आगे सुनवाई होगी। लेकिन पिछली तारीख पर सुनवाई के दौरान न्यायालय ने टिप्पणी की थी कि अगर पत्नी अनपढ़ हो या उसे एक ही घर में उपेक्षित छोड़ दिया जाए तो ऐसी स्थिति में पत्नी को गुजारा भत्ता देना पड़ता है।सामान्यतया, पति द्वारा पत्नी का परित्याग करने, उसके साथ क्रूरता का व्यवहार कर उसे अलग रहने के लिए मजबूर करने या पति द्वारा दूसरी शादी कर लेने या पति का किसी अन्य महिला के साथ रहने, पति के किसी संक्रामक रोग से ग्रसित होने या पति द्वारा धर्म परिवर्तन कर लेने की वजह से पत्नी का उससे अलग रहना और विवाह विच्छेद जैसी परिस्थितियों में पत्नी दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत गुजारा भत्ते के लिए अदालत का दरवाजा खटखटा सकती है। लेकिन पेश मामले में पति-पत्नी एक ही घर में साथ-साथ रहते हैं। पति का दावा है कि वह अपनी पत्नी की सारी जरूरतों को पूरा करता है लेकिन इसके बावजूद गुजारा भत्ता के माध्यम से पत्नी रहन-सहन की दोहरी राहत चाहती है।याचिकाकर्ता पति दिल्ली परिवहन निगम का सेवानिवृत्त विदुर कर्मचारी है और उसने तलाकशुदा महिला से दूसरी शादी की थी। इस व्यक्ति को सेवानिवृत्ति के बाद करीब तीस हजार रुपए पेंशन मिल रही है। याचिकाकर्ता पति का दावा है कि उसने सेवानिवृत्ति पर मिली ग्रेच्युटी की राशि में से 2018 में एकमुश्त पांच लाख रुपए अपनी पत्नी को दिए थे जो उसने एक साल के भीतर ही खर्च कर दिए। इसके बाद भी पत्नी की और पैसों की मांग का सिलसिला जारी रहा। इनकार करने पर उसने कथित रूप से इसके गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी।इसके बाद ही पत्नी ने भरण-पोषण की मांग करते हुए कुटुम्ब अदालत में मामला दाखिल तीस हजार रुपए बतौर गुजारा भत्ता दिलाने का अनुरोध किया था।

चूंकि कुटुम्ब अदालत दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत गुजारा भत्ते के लिए मुख्य मामला लंबित रहने के दौरान पत्नी, अवयस्क संतान, अविवाहित पुत्री और माता या पिता, जैसा प्रकरण हो, अंतरिम गुजारा भत्ता देने का आदेश दे सकती है, इसलिए अदालत ने पत्नी को भरण-पोषण के लिए हर महीने दस हजार रुपए महीने देने का अंतरिम आदेश दे दिया। याचिकाकर्ता का तर्क है कि कुटुम्ब अदालत ने धारा 125 के तहत अंतरिम गुजारा भत्ते का आदेश देते समय कुछ मूलभूत बिन्दुओं की अनदेखी की है।इस सेवानिवृत्त कर्मचारी की दलील है कि कुटुम्ब अदालत ने पति और पत्नी के अलग रहने की अनिवार्यता संबंधी व्यवस्थाओं को नजरअंदाज कर दिया। यही नहीं, पेश मामले में पति द्वारा पत्नी की उपेक्षा करने या उसकी देखरेख करने से इनकार करने जैसा कोई साक्ष्य भी अदालत के समक्ष नहीं था।

अनूप भटनागर

# आपका राशिफल 23 दिसंबर

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ)
सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-3-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं। शुभांक-2-4-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। शुभांक-2-4-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शुभांक-1-3-5

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-4-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। शुभांक-2-3-5

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। शुभांक-2-5-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-4-6

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। शुभांक-3-5-6

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा परिणाम शुभ रहेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। शुभांक-2-4-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-3-5-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढ़ग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोंगो को आश्चर्य में डाल देगें। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-2-5-6

## फिल्म वर्ग पहेली - 5686

**बायें से दायें:-**

१. बॉबी, करिश्मा की 'ओ मेरे ढोलना' गीत वाली फिल्म-३
३. 'कहदूँ तुम्हें' गीत वाली अमिताभ, शशिकपूर की हिट फिल्म-३
५. संजय कपूर, तब्बू की 'मैंने जी लिया' गीत वाली फिल्म-२
७. 'साल के बारा महीने' गीत वाली कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
८. ऋषि, माधुरी की 'मेरा पिया घर आया' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'सीता और गीता' में धर्मेन्द्र के किरदार का क्या नाम था?-२
१२. 'पलके हो खुली या बंद' गीत वाली सुनील शेट्टी, सोनाली की फिल्म-३
१३. संजयदत्त, अनिता राज की 'आते आते तेरी' गीत वाली फिल्म-२,१,२
१४. सुनील शेट्टी, सोमी अली की 'ना वादा करते हैं' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'परदे में कोई बैठा है' गीत वाली अमजद खान की फिल्म-२
१७. राजकुमार, नाना पाटेकर, ममता कुलकर्णी, वर्षा की 'पीले पीले ओ मेरे राजा' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'रूठे रूठे पिया' गीत वाली विजय आनंद, जया की फिल्म-२,३
२१. राजकपूर, नर्गिस की 'ये शाम की तनहाइयां' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'शहरों की गलियों में' गीत वाली राजेश, शर्मिला की फिल्म-२,२
२६. गोविंदा, रवीना की 'सासूजी थारो लल्ला' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'दिल विच तेरा ही' गीत वाली अमिताभ बच्चन, अक्षय कुमार, प्रियंका चोपड़ा की फिल्म-२
२८. मिथुन, अतुल, पूजा की 'तेरे बिन मैं कुछ नहीं' गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'मैं दुनिया भुला दूंगा' गीत वाली राहुल, अनु अग्रवाल की फिल्म-३
२. राजकपूर, नतून की 'रूक जा ओ जानेवाली' गीत वाली फिल्म-३
३. 'ऐ सनम जिसने तुझे' गीत वाली राजकपूर, सायरा की फिल्म-३
४. ऋषि, नीतूसिंह की 'किसी पे दिल अगर' गीत वाली फिल्म-५
६. सोमदत्त, विनोद खन्ना, लीना चंदावरकर की पहली फिल्म-२,१,२
९. गोविंदा, करिश्मा की 'याद सताए तेरी' गीत वाली फिल्म-२,२
११. फिल्म 'लक्ष्य' के गीत 'मैं ऐसा क्यों हूँ' का गायक-२
१३. सलमान, करिश्मा की 'हवा में क्या है' गीत वाली फिल्म-३
१४. अक्षय, लारा की फिल्म-३
१५. सुनील, आशा पारेख की 'आज नाचूँ ऐसे' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'मेरे दिल में आज' गीत वाली राजेश, शर्मिला, राखी की फिल्म-२
१८. कमल सदाना, आयशा, दिव्याकी 'दिल चीर के' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'ले के चली मुझे' गीत वाली विश्वजीत, वहीदा की फिल्म-३
२०. जैकी, डिम्पल की 'क्या है तुम्हारा नाम' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'राधा ना बोले' गीत वाली फिल्म-३
२२. फिल्म 'कोशिश' में नायक कौन है-३
२३. फिल्म 'ज्वैल थीफ' में नायक कौन है-२
२५. टी. वी. धारावाहिक 'सॉस' की नायिका कौन थी?-२
२६. दीनो मोरिया, बिपाशा की 'जो भी कसमें' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली - 5685

Jagrutidaur.com, Bangalore

# मस्तक पर होती हैं 7 लकीरें सबसे ताकतवर हैं शनि रेखा

मान्यता है कि माथे पर बनी किस्मत की रेखाओं के अनुसार ही व्यक्ति का जीवन चलता है। इन रेखाओं के अनुसार ही किस्मत बनती और बिगड़ती है। लेकिन बहुत कम लोगों को पता है कि माथे पर बनी हर रेखा का एक गृह से संबंध है। जैसे सबसे ऊपर वाली रेखा को शनि रेखा कहा जाता है। यानी शनि ग्रह की स्थिति का असर इस पर पड़ता है। इसी तरह दूसरे नंबर वाली रेखा गुरु रेखा कहलाती है। वृहस्तपति से इसका सीधा संबंध है। इसके बाद क्रमशः मंगल रेखा, बुध रेखा, शुक्र रेखा, सूर्य रेखा और चंद्र रेखा आती हैं।

### किस्मत बदल सकती है शनि रेखा

माथे पर स्थित सबसे ऊपर वाली शनि रेखा में बहुत शक्ति होती है। ज्योतिष कहता है कि इसी कारण इसे सबसे ऊपरी का स्थान मिला है। समुद्र लक्षण विज्ञान में इसके बारे में विस्तार से बताया गया है। शनि रेखा अधिक लंबी नहीं होती है। केवल माथे के बीच में ही दिखाई देती है। समुद्र लक्षण विज्ञान कहता है कि इस रेखा के आसपास का हिस्सा शनि देव और शनि ग्रह से प्रभावित होता है।

मान्यता है कि जिस व्यक्ति के मारे पर यह रेखा साफ दिखाई देती है, वह गंभीर स्वभाव का होता है। वहीं, जिन लोगों का माथा थोड़ा उठा होता है और शनि रेखा स्पष्ट दिखाई देती है, वे अहंकारी होते हैं। ऐसे लोगों का स्वभाव रहस्यमयी भी होता है। इनके बारे में दूसरे को ज्यादा जानकारी नहीं होती है। ऐसे ही लोग जादूगर और तांत्रिक बनते हैं। जिन लोगों पर शनि देव प्रसन्न होते हैं, उनके लिए अच्छा वक्त शुरू हो जाता है। ज्योतिषियों की सलाह पर शनि देव की आराधना करें।

### माथे की लकीरें बताती हैं कितनी रहेगी उम्र

शरीर लक्षण विज्ञान के अनुसार मस्तक की रेखाओं को देखकर किसी भी व्यक्ति की उम्र का अनुमान लगाया जा सकता है। मस्तक पर दो पूर्ण रेखाएं हो तो व्यक्ति की उम्र लगभग 60 वर्ष होती है। वहीं सामान्य मस्तक पर तीन शुभ रेखाएं हो तो व्यक्ति करीब 75 वर्ष की आयु प्राप्त करता है। यदि मस्तक श्रेष्ठ हो तो जातक की उम्र और भी अधिक होती है। निम्न ललाट पर भी शुभ गुणों से युक्त चार रेखाएं हों तो जातक की आयु लगभग 75 वर्ष होती है।

सामान्य मस्तक पर पांच उत्तम रेखाएं हों तो ऐसे जातक सौ वर्ष तक सुख भोगते हैं। यदि उन्नत मस्तक पर पांच से अधिक रेखाएं हों तो जातक की आयु मध्यम और यदि मस्तक निम्न श्रेणी का हो तो जातक अल्पायु होता है। मस्तक की किन्हीं दो रेखाओं के किनारे आपस में एक-दूसरे का स्पर्श करते हैं तो ऐसे जातक की आयु करीब 60 वर्ष होती है। मस्तक पर यदि कोई रेखा न हो तो व्यक्ति 25 से 40 वर्ष की आयु में पीड़ा पाता है।

## सूडोकु नवताल- 6190

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | 1 | | 2 | | 3 | 8 |
| | | | 4 | | 5 | | | |
| 2 | | | | | | | | 5 |
| | | 3 | | 5 | | 4 | 8 | |
| | 7 | | | | | | 1 | |
| | 5 | 8 | | 6 | | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | 1 |
| | | | 2 | | 9 | | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | 5 | 2 |

Jagruti

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6189 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

## विचार प्रवाह



मेरी वाणी कठोर हो सकती है लेकिन जिंदगी क सार इसी कठोर वाणी में है। तुम चाहते हो कि मैं तुम्हारे जख्मों पर मरहम पट्टी कर दूं और उन्हें छोड़ दूं। पर मैं ऐसा नहीं करूंगा क्योंकि यह जरूरी है। बीमारी का लक्षण मिटाने सेबीमारी नहीं मिटती। तुम्हें बुखार चढ़ा हो और ठंडे पानी में बैठ जाओ तो शरीर तो ठंडा हो जाएगा। साथ में तुम भी ठंडे हो जायेगा। साथ में तुम भी ठंडे हो जाओगे। लक्षणों का इलाज नहीं करना है, बल्कि बीमारी का इलाज करना रोग मोह है, इलाज मोक्ष है।

■ मुनिश्री तरुणसागर

## शब्द पहेली - 7251

**बाएँ से दाएँ**

1. घ्राणेंद्रिय-2
2. लंबी गर्दन वाला पशु-3
4. आफत, मुसीबत-2
6. लाचार-3
7. आसरा, मदद-3
8. आश्रय, शरण-3
9. राज कपूर की पोती-3
10. कर्म, भाग्य-3
11. दासत्व, गुलामी-3
13. आर्टिकल-2
14. इच्छा, लालसा-3
15. दुगना, दोगुना-2
16. भार-3
17. टेसू के फूल-3
18. राजा का भवन-3
19. चौकसी-2
20. प्रेमी, साजन-3
21. कैनाल, उपनदी-3
23. जीवन सत्व, प्राण-2
24. प्रहार, आक्रमण-3
25. ठाठ-बाट-2

**ऊपर से नीचे**

1. अभिमान-2
2. मारना, वध करना-2
3. नृत्य, कृष्णलीला-2
4. अपव्यय करना-3
5. वेस्टइंडीज का कप्तान-2
6. अज्ञात, अनाम-3
7. नदी, दरिया-3
8. जांच, परीक्षण-3
9. परीक्षा करना-3
10. जिगर-3
11. आंचल-3
12. नाश, विध्वंस-3
14. अंजन, नेत्रांजन-3
15. लाडला-3
16. शक, संदेह-3
17. तीन घंटे का समय-3
18. चिंतन-3
19. प्रथम-3
20. दंड, शिक्षा-2
21. आंशिक भीगा हुआ-2
22. प्राण, जीवन तत्व-2

शब्द पहेली -7250 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | क | ■ | सा | ग | र | ■ | म | जा |
| द | म | न | ■ | म | वा | ली | ■ | म |
| ■ | र | म | ल | ■ | ना | प | ना | ■ |
| स | ■ | क | ह | र | ■ | ना | का | म |
| ली | न | ■ | जा | त | क | ■ | रा | जा |
| का | र | क | ■ | न | ह | र | ■ | क |
| ■ | म | म | ता | ■ | वा | ब | न | ■ |
| ना | ■ | ल | क | वा | ■ | ना | य | क |
| व | र | ■ | त | र | फ | ■ | न | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# सरकारी और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों से वसूली के लिए आज प्रस्तुत होगा विधेयक




**भोपाल।** मध्य प्रदेश में धरना, जुलूस, हड़ताल, बंद, दंगा या व्यक्तियों के समूह द्वारा पत्थरबाजी, आग लगाने या तोड़फोड़ करने से सरकारी या निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचने पर उन्हें इसकी भरपाई करनी होगी। इसके लिए बुधवार को गृह मंत्री डा.नरोत्तम मिश्रा विधानसभा में मध्य प्रदेश लोक एवं निजी संपत्ति को नुकसान का निवारण एवं नुकसानी की वसूली विधेयक-2021 प्रस्तुत करेंगे। इसमें घटना विशेष के लिए दावा अधिकरण गठित किया जाएगा, जो तीन माह में क्षतिपूर्ति की राशि निर्धारित करेगा। वसूली नुकसान पहुंचाने के साथ उन व्यक्तियों से भी की जा सकेगी जो ऐसा कृत्य करने के लिए उकसाने या उत्प्रेरित करने का काम करेंगे। सदन में द्वितीय अनुपूरक बजट पर चर्चा भी होगी। शिवराज सरकार ने उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और हरियाणा के अधिनियमों का अध्ययन करने के बाद अधिनियम को प्रारूप तैयार किया है। इसमें केंद्र व राज्य सरकार के साथ स्थानीय निकाय, सहकारी संस्था, कंपनियों और निजी संपत्ति को होने वाले नुकसान की भरपाई का प्रविधान रखा गया है। सांप्रदायिक दंगों, हड़ताल, बंद, प्रदर्शन, जुलूस या व्यक्तियों के समूह द्वारा संपत्ति को नुकसान पहुंचने पर वसूली के लिए सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश की अध्यक्षता में दावा अधिकरण बनाया जाएगा। इसका सदस्य सेवानिवृत्त सचिव या समकक्ष अधिकारी को बनाया जाएगा। यह सभी तथ्यों की जांच करने के बाद तीन माह के भीतर अपना फैसला सुनाएगा। इसके लिए जिसकी संपत्ति को नुकसान पहुंचा है, उसे एक माह के भीतर आवेदन करना होगा। क्षतिपूर्ति के लिए जो राशि तय होगी, वो संबंधित व्यक्ति को 15 दिन में देनी होगी। यदि नहीं दी जाती है तो ब्याज भी लगेगा। नुकसान की भरपाई के लिए भू-राजस्व के बकाया की वसूली की तरह चल-अचल संपत्ति को नीलाम किया जा सकेगा। अधिकरण को सिविल कोर्ट के अधिकार होंगे और इसके आदेश को हाईकोर्ट में आदेश पारित होने से 90 दिन के भीतर चुनौती दी जा सकेगी।




# अपनी सीट से उठे तो दर्ज होगा नकल प्रकरण

### आरजीपीवी की आनलाइन परीक्षा के दौरान विद्यार्थी पांच बार से ज्यादा अपनी सीट से उठे तो

**भोपाल।** तकनीकी शिक्षा विभाग ने कालेजों में आनलाइन परीक्षाएं कराने के निर्देश दिए हैं। इसी के तहत राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) ने आनलाइन परीक्षा कराने की तैयारी पूरी कर ली है। आरजीपीवी की चौथे से आठवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 30 दिसंबर से आनलाइन शुरू होंगी। विद्यार्थी आनलाइन परीक्षा घर से बैठकर देंगे। विवि ने एक साफ्टवेयर बनाया है, जिसके माध्यम से नकल प्रकरण पकड़ा जा सकेगा। विद्यार्थी को साफ्टवेयर के माध्यम से चेतावनी भी दी जाएगी। विद्यार्थी अपनी सीट से जितनी बार उठेंगे या हिलेंगे तो उनकी हर गतिविधि पर नजर रखी जाएगी और उसका रिकार्ड भी दर्ज होगा। यह रिकार्ड अनफेयर कमेटी को भेजा जाएगा, जो परीक्षाओं के दौरान नकल प्रकरण पर नजर रखेगी। अगर कोई भी विद्यार्थी पांच बार से ज्यादा अपनी सीट से उठेगा तो उसके खिलाफ नकल प्रकरण दर्ज कर लिया जाएगा। इससे ज्यादा उठने पर उसकी परीक्षा निरस्त कर दी जाएगी। आनलाइन परीक्षा में वेब कैमरा का इस्तेमाल होगा। इसी कैमरे से आरजीपीवी विद्यार्थियों की निगरानी करेगा। यहां तक विद्यार्थी की हर हरकत पर आरजीपीवी अधिकारियों की नजरें जमीं रहेंगी। इधर, आरजीपीवी की 20 जनवरी से प्रैक्टिकल परीक्षाएं भी शुरू होंगी, जो 29 जनवरी तक चलेंगी। इन परीक्षाओं में 90 हजार विद्यार्थी शामिल होंगे। आनलाइन परीक्षा में 60 प्रश्न बहुविकल्पीय पैटर्न पर पूछे जाएंगे। विद्यार्थियों को परीक्षा संबंधी दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

### हर 30 सेकंड में फोटो कैप्चर होगा


आनलाइन परीक्षा तीन पाली में होगी। पहली पाली सुबह 10 से 12 बजे तक दूसरी दोपहर एक से तीन बजे तक और तीसरी पाली शाम चार से छह बजे तक होगी। विद्यार्थियों को जो समय दिया जाएगा उस समय उन्हें लागइन पासवर्ड से आनलाइन होना होगा। विद्यार्थियों को घर पर लगे डेस्कटाप या लेपटाप से परीक्षाएं देनी होंगी। विद्यार्थियों को लागइन पासवर्ड दिए जाएंगे, जिस पर पेपर अपलोड कर दिए जाएंगे। विवि द्वारा साफ्टवेयर के माध्यम से परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों की हर 30 सेकंड में परीक्षा देते हुए फोटो कैप्चर की जाएगी, ताकि वे नकल न कर सकें या किसी दूसरे को बैठाकर परीक्षा न दे सकें।

**आनलाइन परीक्षा के दौरान नकल प्रकरण दर्ज करने के लिए साफ्टवेर तैयार किया गया है। इसके लिए अनफेयर कमेटी गठित की गई है। अगर विद्यार्थी पांच बार से ज्यादा सीट छोड़कर उठेंगे तो उनके खिलाफ नकल प्रकरण दर्ज होगा।**

**प्रशांत जैन, परीक्षा नियंत्रक आरजीपीवी**

# टीकाकरण महाअभियान आज

## भोपाल में 50 हजार डोज लगने की उम्मीद




**भोपाल।** प्रदेश भर में बुधवार को कोरोनारोधी टीका लगाने के लिए महाअभियान चलाया जाएगा। इसमें प्रदेश में 15 लाख और भोपाल में 50 हजार डोज लगाए जाने की उम्मीद है। बता दें कि 26 दिसंबर तक प्रदेश में सभी को दोनों डोज लगाने का लक्ष्य रखा गया है। राज्य टीकाकरण अधिकारी डा. संतोष शुक्ला ने बताया कि इसके बाद भी छूटे हुए लोगों को कुछ बड़े अस्पताल में टीका लगाया जाता रहेगा, लेकिन घर-घर सर्वे कर टीकाकरण का काम बंद कर दिया जाएगा।

## हड़ताल के दूसरे दिन बंद की इमरजेंसी सेवाएं

**भोपाल।** नीट-पीजी काउंसलिंग जल्दी कराने की मांग को लेकर भोपाल के गांधी मेडिकल कालेज समेत प्रदेश के छह शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में जूनियर डॉक्टर दूसरे दिन भी हड़ताल पर हैं। मंगलवार को पहले दिन उन्होंने ओपीडी, वार्ड और आपरेशन थियेटर में सेवाएं नहीं दीं। राजधानी भोपाल में जीएमसी के जूनियर डाक्टरों ने इमरजेंसी सेवाएं भी बंद कर दी हैं। इससे मरीजों की परेशानियां बढ़ना तय है। हालांकि करीब 25 फीसद जूनियर डॉक्टर काम कर रहे हैं। जूनियर डॉक्टरों का कहना है कि नीट-पीजी काउंसलिंग में देरी के चलते पीजी प्रथम वर्ष के जूनियर डॉक्टर अभी तक नहीं आए प्रथम वर्ष की जगह जूनियर रेजिडेंट या मेडिकल ऑफिसर को पदस्थ करने की मांग को लेकर जूडा का एक प्रतिनिधिमंडल चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग से मिलने पहुंचा है।

# अनुपूरक बजट - मेट्रो, स्मार्ट सिटी, सड़क और सिंचाई परियोजनाओं के लिए प्रावधान

**मौजूदा वित्तीय वर्ष के लिए सरकार ने द्वितीय अनुपूरक बजट में मेट्रो, स्मार्ट सिटी, सड़क और सिंचाई परियोजना के लिए वित्तीय प्रविधान किए हैं। केन-बेतवा लिंक परियोजना के लिए दो सौ करोड़ रुपये रखे गए हैं। प्रधानमंत्री आवास के लिए दो हजार करोड़, सड़क और पुलों के लिए ढाई हजार करोड़, बिजली कपंनियों की हानियों की प्रतिपूर्ति के लिए एक हजार 100 करोड़ रुपये सहित अन्य कार्यों के लिए सवा दो हजार करोड़ रुपये का प्रविधान किया है। वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने मंगलवार को विधानसभा में 21 हजार 584 करोड़ रुपये से अधिक का द्वितीय अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया।**




**भोपाल।** सरकार ने सिंचाई परियोजनाओं को प्राथमिकता में रखा है। बरगी परियोजना के लिए 140 करोड़ रुपये, नर्मदा गंभीर लिंक परियोजना के लिए 50 करोड़, नर्मदा पार्वती लिंक परियोजना के लिए 115 करोड़, चिंकी बैराज के लिए पांच करोड़, ओंकारेश्वर परियोजना के लिए 50 करोड़, नर्मदा बेसिन कंपनी के लिए डेढ़ हजार करोड़ रुपये, कालीसिंध लिंक परियोजना के लिए 280 करोड़, नर्मदा नदी के किनारे घाट निर्माण के लिए आठ करोड़ रुपये सहित अन्य योजनाओं के लिए बजट प्रविधान किया गया है। ब्याज के भुगतान के लिए ढाई हजार करोड़ रुपये, मुख्यमंत्री कृषक फसल उपार्जन सहायता के लिए एक हजार करोड़, स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 922 करोड़, मुख्यमंत्री पुलिस आवास योजना के लिए सौ करोड़, जल जीवन मिशन के लिए तीन सौ करोड़, स्मार्ट सिटी योजना के लिए 549 करोड़, मेट्रो रेल निर्माण कार्य के लिए 150 करोड़, नगरीय निकायों के लिए एक हजार करोड़, सड़क व पुल के लिए ढाई हजार करोड़, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए दो हजार करोड़, मध्याह्न भोजन कार्यक्रम के लिए 200 करोड़, राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के लिए 600 करोड़, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के लिए 150 करोड़, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना 4602 करोड़, मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना के लिए दो हजार 699 करोड़, नागरिक आपूर्ति निगम को अंशपूंजी के लिए 500 करोड़, पिछड़ा वर्ग कल्याण की छात्रवृत्ति के लिए सौ करोड़ और पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के लिए 50 लाख रुपये का प्रविधान प्रमुख रूप से किया गया है। बजट के प्रविधानों पर बुधवार को सदन में चर्चा कराई जाएगी।

# आशा कार्यकर्ताओं की प्रोत्साहन राशि हुई दोगुनी

### आशा, ऊषा और सहयोगिनी द्वारा इस साल जून से मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर आंदोलन किया जा रहा है



**भोपाल।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) ने सात तरह की सेवाओं में आशा कार्यकर्ताओं को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि दोगुनी कर दी है। बाकी में यथावत रखा है। इस तरह से आशा सहयोगिनी को हर हर दिन मिलने वाला यात्रा भत्ता 50 से बढ़ाकर 100 रुपये कर दिया गया है। आशा, ऊषा और सहयोगिनी द्वारा इस साल जून से मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। सोमवार को भी प्रदेश भर की आशा कार्यकर्ताओं ने नीलम पार्क में प्रदर्शन किया था। पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार करने के बाद छोड़ दिया था। हालांकि, मप्र आशा, ऊषा और आशा सहयोगिनी श्रमिक संघ की प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मी कौरव ने कहा कि उनकी मांग आशा कार्यकर्ताओं के लिए 10 हजार रुपये महीने और आशा सहयोगिनी के लिए 15 हजार रुपये महीने मासिक मानदेय की है। जब तक यह पूरी नहीं होता उनका आंदोलन जारी रहेगा।

### सात सेवाओं में अब यह राशि मिलेगी

गर्भावस्था के प्रथम त्रैमास में पंजीयन कराने पर 200, चार प्रसव पूर्व जांचें पूरी कराने पर 1200, खून की कमी वाली महिलाओं को आयरन सुक्रोज का इंजेक्शन लगवाने पर 800, प्रसव के बाद महिला और नवजात की देखभाल 500, नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई से छुट्टी होने वाले नवजातों का फालोअप 400, शिशु का प्रथम वर्ष का पूर्ण टीकाकरण 200, शिशु का द्वितीय वर्ष में पूर्ण टीकाकरण 150, आशा कार्यकर्ताओं की प्रोत्साहन राशि बढ़ाने के संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं।

**एनएचएम से अभी तक उन्हें जितनी राशि मिल रही थी उतनी राज्य सरकार से मिलेगी।**

**डा. पंकज शुक्ला संचालक, एनएचएम**



**भोपाल।** नगर निगम प्रशासन ने मेसर्स तोमर कंस्ट्रक्शन को दो साल के लिए ब्लैक लिस्ट कर दिया है। मेसर्स तोमर कंस्ट्रक्शन 17 सेंटर पाइंट बेसमेंट न्यू मार्केट टीटी नगर भोपाल द्वारा जोन क्रमांक 19 वार्ड क्रमांक 84 स्थित अनुजा विलेज सब्जी मंडी एवं नाला निर्माण कार्य के लिए ऑनलाइन निविदा दी गई थी। इसमें न्यूनतम दर पर कार्य आवंटित होने के बाद परफार्मेंस सिक्यूरिटी के लिए बैंक गारंटी तथा अनुबंध के लिए स्टाम्प प्रस्तुत न कर अनुबंध न करने को

# मेसर्स तोमर कंस्ट्रक्शन को निगम ने दो साल के लिए किया ब्लैक लिस्ट

लेकर यह कार्रवाई की गई है। निगम प्रशासन ने मेसर्स तोमर कंस्ट्रक्शन द्वारा जमा की गई अर्नेस्ट मनी राजसात करते हुए नगर निगम भोपाल द्वारा आमंत्रित की जाने वाली आगामी समस्त निविदाओं में दो वर्ष के लिए भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया है। बता दें कि कंपनी को नियमानुसार एक नवंबर, 11 नवंबर और 26 नवंबर को सूचनापत्र के माध्यम से परफार्मेंस सिक्यूरिटी के लिए बैंक गारंटी तथा अनुबंध के लिए स्टाम्प प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया था लेकिन तोमर कंस्ट्रक्शन द्वारा उक्त कार्य के लिए अनुबंध संपादित न किये जाने के फलस्वरूप यह कार्रवाई की है। बता दें कि इससे पहले बैरागढ़ चीचली क्षेत्र में जल प्रदाय संबंधी पाइप लाइन बिछाने का कार्य संतोषजनक न होने पर तासी कंपनी पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाने और कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने का नोटिस जारी किया गया था। वहीं सीवेज लाइन में दो लोगों के डूबने के कारण अंकिता कंस्ट्रक्शन के लोगों पर एफआइआर भी दर्ज करवाई जा चुकी है। इस तरह निर्धारित अनुबंध के आधार पर काम न करने और समय पर काम न करने के चलते कंपनी पर कार्रवाई की जा रही है।

# 47 फीवर क्लिनिकों में होती थी कोरोना जांच



**भोपाल।** कोरोना वायरस के ओमिक्रोन वैरिएंट का खतरा सिर पर होने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग गंभीर नहीं है। भोपाल में जुलाई-अगस्त तक 47 फीवर क्लिनिकों में कोरोना की

## अब सिर्फ 12 में हो रही

जांच की जा रही थी। इसके बाद से जैसे-जैसे कोरोना के मरीज कम हुए तो कम सैंपल वाले क्लिनिकों को एक-एक कर बंद कर दिया गया। अब हाल यह है कि भोपाल में सिर्फ 12 फीवर क्लिनिकों में ही कोरोना की जांच हो रही है। इसमें जेपी अस्पताल, हमीदिया अस्पताल, एम्स, बीएमएचआरसी, सिविल अस्पताल बैरागढ़, तीनों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं। पहले से सभी संजीवनी क्लीनिक और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में कोरोना की जांच की जा रही थी। भोपाल के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि कई फीवर क्लिनिकों में दिन में एक मरीज भी जांच के लिए नहीं आ रहा था। ऐसे में बेकार कर्मचारी को बैठाने का कोई मतलब नहीं था। सैंपल कराने वालों की संख्या बढ़ी तो जांच केंद्र फिर बढ़ाए जाएंगे।

### औचक सैंपलिंग की टीमें बढ़ाई

भोपाल में औचक सैंपलिंग के लिए 66 टीमें लगाई गई हैं। इनमें 17 टीमें सिर्फ रेलवे स्टेशनों में लगी हैं। बाकी बस स्टैंड और अन्य सार्वजनिक जगहों पर लगाई गई हैं। टीमों की संख्या बढ़ाने के बाद भी भोपाल में सैंपलिंग का आंकड़ा पांच हजार के पार नहीं हो रहा है, जबकि हर दिन छह हजार सैंपल करने का लक्ष्य स्वास्थ्य संचालनालय ने दिया है। जांचों की संख्या बढ़ने पर पाजिटिव मरीजों की संख्या भी बढ़ सकती है। हालांकि, यह अच्छी बात है कि आरटी-पीसीआर की जांच रिपोर्ट अगले दिन मिल जा रही है।

# ग्वालियर में पंचायत चुनाव : रेंडमाइजेशन के आधार पर जनपदों को मिलेंगी ईवीएम मशीन

**ग्वालियर।** ग्वालियर में पंचायत चुनाव में नामांकन दाखिल होने के बाद प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। आचार संहिता का कड़ाई से पालन हो इसलिए ग्रामीण इलाकों में पुलिस चेकिंग बढ़ा दी गई है। वहीं त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन में जिले में उपयोग में लाई जाने वाली ईवीएम (इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन) का मंगलवार को प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक एमके अग्रवाल की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट के सभागार में रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूरी की गई। प्रथम रेंडमाइजेशन के बाद यह निर्धारित हो गया है कि किस जनपद पंचायत में कौन सी ईवीएम उपयोग में लाई जाएगी। रेंडमाइजेशन के आधार पर जिले की चारों जनपद पंचायतों मुरार, घाटीगांव, डबरा व भितरवार के रिटर्निंग अधिकारियों को ईवीएम उपलब्ध कराई जाएंगी। इन्हीं ईवीएम से जिला पंचायत सदस्य एवं जनपद पंचायत सदस्यों का निर्वाचन होगा। रेंडमाइजेशन के दौरान अपर कलेक्टर विकास आशीष तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं जिला व जनपद पंचायत सदस्य के चुनाव के लिए नाम निर्देशन दाखिल करने वाले प्रत्याशी व उनके प्रतिनिधिगण मौजूद थे। ज्ञात रहे कि नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और अब बुधवार को नाम वापसी का दिन तय है। इसके बाद आगामी प्रक्रिया की जाएगी। इन वार्डों में आए नामांकन: नाम निर्देशन पत्रों की समीक्षा के बाद अजा के लिए आरक्षित वार्ड-1 में 16, अनारक्षित महिला वार्ड-2 में 17, अजजा वार्ड-5 में 12, अनारक्षित वार्ड-6 में 11, अजा महिला के लिए आरक्षित वार्ड-7 में 10, अजा महिला के लिए आरक्षित वार्ड-9 में 10, अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित वार्ड-10 में 21, अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित वार्ड-11 में 13, अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित वार्ड-12 में 12 नामांकन जमा हुए हैं। वार्ड-3 में एक अभ्यर्थी ने दो नामांकन भर दिए थे। स्क्रूटनी के बाद एक नामांकन को निरस्त कर दिया गया।

# होटल का कमरा खोलकर यात्री के 80 हजार रुपये चोरी

**भोपाल** । हमीदिया रोड स्थित एक होटल में ठहरे व्यक्ति के पेंट की जेब में रखे 80 हजार रुपये चोरी चले गए। लगभग एक माह पहले हुई इस घटना में पुलिस ने जांच के बाद सोमवार रात को केस दर्ज किया है। चोरी के आरोप में होटल के मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं नौकर फरार है। हनुमानगंज थाना के सहायक उपनिरीक्षक शिव मोहनसिंह सेंगर ने बताया कि गैरतगंज निवासी राजेश शर्मा रजिस्ट्री कराने का काम करते हैं। वह 21 नवंबर को किसी काम के सिलसिले में भोपाल आए थे। राजेश हमीदिया रोड स्थित साईं प्लाजा होटल में कमरा नंबर-205 में ठहरे थे। दोपहर तीन बजे वह अपना काम निपटाने के लिए कमरे में ताला लगाकर चले थे। शाम को वह वापस होटल पहुंचे। उन्होंने चाबी से कमरे का ताला खोला था। इसके बाद उन्होंने कमरे में खूंटी पर टंगे पेंट की जेब देखी तो उसमें रखा लिफाफा गायब था। जांच के बाद पुलिस ने होटल के मैनेजर अखिलेश तिवारी और नौकर मनोज सोनी के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर लिया।

# अगले 3 दिन तक भोपाल स्टेशन से नहीं मिलेगी इंटरसिटी एक्सप्रेस, रेलवे ने की है आंशिक निरस्त

**भोपाल।** भोपाल से बुधवार दोपहर में ग्वालियर जाने के लिए इंटरसिटी एक्सप्रेस नहीं मिलेगी। इस ट्रेन को रेलवे ने भोपाल से गुना स्टेशन के बीच निरस्त किया है। बीना से गुना के बीच चल रहे पटरी जोड़ने के काम के चलते ट्रेन को निरस्त किया है। यह ट्रेन इन दोनों स्टेशनों के बीच 24 दिसंबर तक निरस्त रहेगी। लेकिन ग्वालियर से गुना के बीच पूर्व की तरह तय समय पर चलती रहेगी। इंटरसिटी एक्सप्रेस भोपाल दोपहर 3.20 बजे चलती है। रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक ट्रेन 12198 व 12197 ग्वालियर-भोपाल-ग्वालियर इंटरसिटी एक्सप्रेस 21 से 24 दिसंबर तक ग्वालियर-गुना-ग्वालियर के बीच चलेगी और गुना-भोपाल-गुना के बीच निरस्त रहेगी।

### इन ट्रेनों को भी आंशिक निरस्त किया

- 21 से 24 दिसंबर तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से चलने वाली ट्रेन 19341 नागदा-बीना एक्सप्रेस गुना स्टेशन पर समाप्त होगी। 22 से 24 तक ट्रेन 19342 बीना-नागदा एक्सप्रेस गुना स्टेशन से प्रारंभ होकर चलेगी। उक्त अवधि में दोनों ट्रेनें गुना-बीना-गुना के बीच निरस्त रहेंगी।संत हिरदाराम नगर से होकर चल रही साबरमती एक्सप्रेस- ट्रेन 19165 अहमदाबाद-दरभंगा साबरमती एक्सप्रेस 22 दिसंबर को परिवर्तित मार्ग वाया मक्सी-संत हिरदराम नगर-निशातपुरा-बीना होकर चलेगी। ट्रेन 19167 अहमदाबाद-वाराणसी साबरमती एक्सप्रेस 21 व 23 दिसंबर को परिवर्तित मार्ग वाया मक्सी-संत हिरदराम नगर-निशातपुरा-बीना होकर चलेगी।ट्रेन 19168 वाराणसी-अहमदाबाद साबरमती एक्सप्रेस 21, 23 दिसंबर को परिवर्तित मार्ग वाया बीना-निशातपुरा-संत हिरदराम नगर-मक्सी होकर चलेगी।

### एनटीईएस पर देखें ट्रेनों की स्थिति, फिर बुक कराएं टिकट

रेलवे के अधिकारियों ने सलाह दी है कि ट्रेनों के टिकट खरीदने के पहले नेशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम पर उनकी स्थिति देख लें। उसके बाद ही टिकट खरीदें। कई बार ट्रेनों को जरूरी कामों के चलते निरस्त कर दिया जाता है और फिर यात्रियों को परेशान होना पड़ता है। ऐसी स्थिति न बने, इसके लिए यात्री रेलवे काउंटर और आनलाइन माध्यमों के जरिए पूछताछ कर लें। तब टिकट बुक कराएं तो ज्यादा सुविधा होगी।



### प्लेटफार्म में उगी हुई है घास, शेड बिजली पानी और शौचालय की कमी

# बुढ़ार रेलवे स्टेशन में सुविधाओं का टोटा

**धनपुरी। धनपुरी कोयलांचल क्षेत्र और शहडोल जिले के बड़े व्यावसायिक केंद्र बुढार नगर में स्थित रेलवे स्टेशन यात्रियों को किसी भी तरह की सुविधा देने में आज तक सक्षम नहीं हो पाया है। जब कि इस रेलवे स्टेशन से अच्छा कारोबार रेलवे प्रशासन को हो रहा है। यहां से टिकट भी भारी मात्रा में लिए जाते हैं । अच्छा कारोबार होने के बावजूद यात्रियों को सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। किस रेलवे स्टेशन पर न सिर्फ धनपुरी कोयलांचल क्षेत्र के हजारों लोग बल्कि आसपास के सैकड़ों गांव के लोग निर्भर हैं। इस रेलवे स्टेशन का हाल यह है कि ना तो यहां बैठने के लिए जगह है न पीने के लिए पानी है और ना ही शौचालय है।**

#### दो प्लेटफार्म पर तीन शेड

इस रेलवे स्टेशन का इससे बड़ा दुर्भाग्य और क्या होगा कि यहां दो प्लेटफार्म पर सिर्फ तीन शेड है जिसके नीचे यात्री बैठकर ट्रेनों का इंतजार करते हैं। शैडो की संख्या कम होने के कारण गर्मी और बारिश के दिनों में यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सर्दियों की रात में ट्रेन का इंतजार करना यहां मुश्किल हो जाता है। प्लेटफार्म नंबर एक पर छोटे-छोटे दो शेड बनाए गए हैं। जबकि प्लेटफार्म नंबर दो पर एक शेड है जबकि रेलवे स्टेशन की प्लेटफार्म की लंबाई 1 किलोमीटर के आसपास है। ऐसी स्थिति में शेड भी लंबे होने चाहिए लेकिन महज कुछ फुट के शेड यहां बना कर छोड़ दिए गए हैं। इन शेड के नीचे भी ना तो बैठने की पर्याप्त व्यवस्था है और ना ही साफ सफाई की जाती है।

#### नहीं है शौचालय

रेलवे स्टेशन में शौचालय नहीं होने के कारण यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है खासतौर से महिला यात्रियों को काफी दिक्कत होती है। एक शौचालय का निर्माण कुछ समय पहले किया गया था जो बदहाल हो चुका है। इस शौचालय के अंदर इतनी गंदगी है कि वहां पैर रखना भी मुश्किल होता है। स्थानीय यात्रियों ने कई बार मांग की है कि रेलवे स्टेशन में शौचालय का निर्माण किया जाए, लेकिन रेलवे प्रबंधन ने आज तक इस दिशा में गंभीरता से ध्यान नहीं दिया। ना जाने क्यों बु?ार के नागरिकों के साथ यह सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। इतना ही नहीं रेलवे स्टेशन में पानी की समस्या बनी रहती है। पीने के पानी के लिए भी लोग परेशान होते रहते हैं। गर्मी के दिनों में यात्रियों को खासा परेशानी का सामना करना पड़ता है और बाहर जाकर होटल में पानी मांग कर या खरीद कर पीना पड़ता है।

#### नहीं है कोच इंडिकेटर

रेलवे स्टेशन की लंबाई लगभग 1 किलोमीटर है और बड़ी ट्रेनें भी काफी लंबी होती है लेकिन रेलवे प्लेटफार्म पर आज तक कोच इंडिकेटर नहीं लगाया गया है। जिससे यात्रियों को यह पता ही नहीं होता कि उनका कोच आगे लगेगा या पीछे। ट्रेन आने के बाद यात्रियों में भगदड़ मच जाती है। जो यात्री आगे होता है उसे पता चलता है कि उसका कोच पीछे है तो वह परिवार के साथ पीछे की तरफ भागता हुआ दिखाई पड़ता है। ऐसी स्थिति में कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है। लेकिन इस आशंका से भी रेलवे प्रशासन पूरी तरह से दूर नजर आता है । यदि इस आशंका को समझा जाता तो निश्चित तौर पर रेलवे स्टेशन में कोच इंडिकेटर आज तक लग गया होता।

#### सुरक्षा की कमी

बु?ार रेलवे स्टेशन में सुरक्षा की बेहद कमी है। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक की तरफ से लोग रेलवे स्टेशन में प्रवेश कर सकते हैं लेकिन दो की तरफ से भी रेलवे स्टेशन खुला हुआ है। परिणाम स्वरूप दोनों तरफ से लोग आते जाते हैं। इसका फायदा चोर उचक्के उठा रहे हैं। रात के समय यात्रियों को प्लेटफार्म नंबर दो पर बेहद सतर्क रहना पड़ता है, अन्यथा उनका सामान वहां से पार हो जाता है। बताया गया है कि कई बार तो चोर उचक्के सामान लेकर भागते हुए भी देखे गए हैं लेकिन इसके बावजूद आज तक रेलवे स्टेशन में सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। यहां ना तो आरपीएफ के जवान दिखाई पड़ते हैं और ना ही जीआरपी पुलिस नजर आती है। यही कारण है कि यहां चोर उचक्कों के हौसले बुलंद रहते हैं और लोगों की सुरक्षा खतरे में पड़ी रहती है।



#### प्लेटफार्म में उगी घास

रेलवे प्लेटफार्म में फर्स नहीं होने के कारण घास उग आई है। रेलवे प्लेटफार्म में कुछ दूरी पर ही फर्स बनाया गया है जबकि शेष स्थान अभी भी कच्चा है। जहां बड़ी-बड़ी घास उग गई है। घास को साफ करने का काम भी रेलवे प्रशासन नहीं करा रहा है। जिसके कारण घास के अंदर जहरीले जीव जंतुओं के होने का खतरा बना रहता है। यात्रियों को मजबूरी में ऐसी स्थिति में रहकर ही ट्रेनों का इंतजार करना पड़ रहा है, लेकिन रेलवे प्रशासन इस दिशा में गंभीरता से ध्यान नहीं दे रहा है।

#### मुश्किल होता है स्टेशन पहुंचना

बुढार रेलवे स्टेशन में तो ढेरों समस्याएं हैं ही साथ ही रेलवे स्टेशन पहुंचने के रास्ते में भी समस्याओं की कमी नहीं है। बुढ़ार रेलवे स्टेशन रोड पर ही सब्जी बाजार लगता है जिसके कारण यात्रियों को रेलवे स्टेशन पहुंचना आसान नहीं होता। यदि कभी कोई यात्री थोड़ा लेट हो गया तो उसकी ट्रेन ही छूट जाती है। इसकी वजह यह है कि बुढार रेलवे स्टेशन पर पहुंचने वाले रास्ते में सब्जी बाजार लगा रहता है। जिसकी वजह से जाम की स्थिति बनी रहती है। सड़क बहुत पतली सी गली में परिवर्तित हो जाती है, परिणाम स्वरूप आने जाने वालों को मुश्किल होती है सड़क के दोनों तरफ दुकानें लगी रहती हैं और साथ ही वाहन भी खड़े रहते हैं सब्जी मंडी को यहां से हटाने के लिए कई बार मांग की जा चुकी है लेकिन रेलवे प्रशासन आज तक रेलवे रोड की सब्जी मंडी नहीं हटा पाया है। जिला प्रशासन ने भी इस दिशा में कभी गंभीरता से ध्यान नहीं दिया। परिणाम स्वरूप रेलवे स्टेशन पहुंचने वाला यह रास्ता यात्रियों के लिए मुश्किल भरा रास्ता बन गया है।



## भाजपा युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का प्रथम नगर आगमन पर गर्मजोशी के साथ स्वागत

अमलाई/धनपुरी-भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष प्रियम मार्तण्ड त्रिपाठी के प्रथम धनपुरी आगमन पर रीजनल के समीम स्वागत सम्मान मोमेंटो देकर किया गया जगह-जगह फूल मालाओं से कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत कियाद्य आजाद चौक धनपुरी में भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत सोनी एवं महामंत्री अनिल जायसवाल के नेतृत्व में युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गयाद्य युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने शहीदों के प्रतिमा पर माल्यार्पण कियाद्य इस अवसर पर सरिता शर्मा मालिनी अग्रवाल मोहम्मद रमजान सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहेद्य उसके बाद पूरे नगर में स्वागत कार्यक्रम एवं भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राकेश तिवारी के घर पर फूल मालाओं से सम्मान किया गया ।। इस अवसर पर भाजपा के जिला सोशल मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष शक्ति शुक्ला संजीत सोनवनी विष्व दीपक द्विवेदी जय प्रकाश बलकेश पाल सिद्धार्थ कुशवाहा रमन नामदेव अजय अतरौलिया संदीप पांडे अखिलेश तिवारी रजनीश तिवारी विवेक गणेश विवेक बर्मन रिशु अविनाश विजय विकास अजय राहुल निखिल आदि सम्मिलित रहे।

## सोनू पटेल भाजपा किसान मोर्चा मंडल सिराली का मंडल अध्यक्ष बने



**हरदा ।** भाजपा जिला अध्यक्ष अमर सिंह मीणा एवं भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेश गोदारा द्वारा युवा तरुणाई के प्रतीक हृदय सम्राट सोनू पटेल को भाजपा किसान मोर्चा मंडल सिराली का मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर हर्ष व्याप्त है बधाई करता दिनेश पटेल अमर दास पटेल यशवंत राजपूत रानू पटेल मंगल पटेल शुभम राजपूत( जबलपुर )बलराम पटेल जबलपुर शामिल थे।

## तहसील कार्यालय में देर रात तक चलता रहा नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा का काम

**त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव**

**जनपद पंचायत सदस्य के 16 पदों के लिए 61 उम्मीदवारों ने दाखिल किए नामांकन पत्र**





**सिहोरा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के नामांकन पत्र दाखिल होने के बाद मंगलवार को सिहोरा तहसील कार्यालय में संमीक्षा का काम शुरू हुआ। 12 क्लस्टर में पंच पद के उम्मीदवारों के नाम निर्देशन पत्रों की जांच सहायक रिटर्निंग ऑफिसरों ने की। वही जनपद सदस्य और सरपंच पद के उम्मीदवारों के नाम निर्देशन पत्र की जांच आपत्ति सहित संवीक्षा का काम रिटर्निंग ऑफिसर तहसीलदार सिहोरा राकेश चौरसिया ने किया। सरपंच पद के नाम निर्देशन पत्रों की संख्या अधिक होने के कारण समीक्षा का काम समाचार लिखे जाने तक चल रहा था। ऐसा अनुमान है कि रात 12 बजे तक संवीक्षा का काम पूरा हो जाएगा।

#### जंप सदस्य के 16 पदों के लिए 61 नाम निर्देशन पत्र

नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा का काम रिटर्निंग ऑफिसर तहसीलदार राकेश चौरसिया के साथ नायब तहसीलदार सहायक रिटर्निंग ऑफिसर रूबी खान, राजस्व निरीक्षक अंबिकेश्वर बडगैया, सहायक ग्रेड 2 शेषराम धुर्वे ने की। जनपद पंचायत के 16 पदों के लिए 61 नाम निर्देशन पत्र उम्मीदवारों ने दाखिल किए थे। नाम निर्देशन पत्रों की जांच के दौरान सभी आवेदन सही पाए गए।

#### सरपंच और पंच पद के उम्मीदवारों की संवीक्षा

ग्राम पंचायत के पंच और सरपंच पद के उम्मीदवारों द्वारा दाखिल किए गए नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा का काम सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के अलावा अन्य विभागों के अमले द्वारा दोपहर बाद शुरू हुआ। नाम निर्देशन पत्रों की जांच के बाद देर रात तक संवीक्षा का काम तहसील कार्यालय में चलता रहा।

#### गुरुवार को नाम वापसी के बाद अभ्यर्थियों को आवंटित होंगे चुनाव चिन्ह

नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा के बाद गुरुवार को नाम वापसी का दिन रहेगा। अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र वापसी के बाद उसी दिन पंच सरपंच और जनपद सदस्य के शेष बचे अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जाएगा।

## आशा बनी महिला मोर्चा की जिला कार्यसमिति सदस्य

**अमलाई।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रश्मि खरे ने प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया की सहमति से जिला कार्यकारिणी की घोषणा की हैद्य घोषित कार्यकारिणी में बापू चौक अमलाई की महिला नेत्री श्रीमती आशा टावरी को जिला कार्य समिति का सदस्य मनोनीत किया हैद्य टावरी के जिला कार्यसमिति सदस्य बनने पर किशोर कहार अरुण विश्वकर्मा रविंद्र गुप्ता तारा तिवारी रीना यादव ज्योत्सना द्विवेदी माधुरी केसरवानी, नीरज गुप्ता, सुभाष मिश्रा, बृजेंद्र मिश्रा, संदीप मिश्रा प्रताप धमीजा रवि मिश्रा राजेश मिश्रा अभिषेक गुप्ता विश्वनाथ कहार ओम प्रकाश दहिया, संदीप पुरी, संतोष टंडन, विजय तिवारी, जीत सिंह, वर्षा कॉल राजकुमारी कौल विनीता गुप्ता गीता गुप्ता सुमेर केसरवानी गणेश गुप्ता गुंजन केसरवानी आदि ने बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि निश्चित रूप में महिलाओं के हित में कार्य कर रही श्रीमती टावरी से जिला कार्यसमिति सदस्य बनने पर कोयलांचल में महिला मोर्चा को मजबूती मिलेगी।

### रूपेश राय किसान मोर्चा में नगर मंत्री



**जबलपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के निर्देशानुसार एवं भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी की सहमति से एवं भाजपा नगराध्यक्ष जी एस ठाकुर के निर्देश पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अभिनव यादव के द्वारा रूपेश राय को किसान मोर्चा में नगर मंत्री जबलपुर महानगर नियुक्त किया उनकी नियुक्ति पर रजनीश यादव , जय सचदेवा , ट्विंकल शाह, पवित्र कटियार , रमाकांत सोनी ने हर्ष व्यक्त किया।



## भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने केरल के मुख्यमंत्री का पुतला फूंक कर जताया विरोध

**अनूपपुर/**भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर मध्य प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों में भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नेतृत्व में केरल के मुख्यमंत्री के विरोध में पुतला दहन विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम संपन्न किया गया। अनूपपुर जिले में भी भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष बृजेश गौतम के निर्देशन पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह पटेल के अगुवाई में अनूपपुर जिला मुख्यालय स्थित इंदिरा चौराहा पर दिनांक 21 दिसंबर 2021 को दोपहर 1ः00 बजे नेता व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में पुतला दहन विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस संबंध में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी भूपेंद्र पटेल ने जानकारी दी।

पिछला दहन का यह था विषय

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि बड़ा दुखद विषय है की हमारे भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के केरल प्रदेश के प्रदेश मंत्री एडवोकेट रंजीत श्रीनिवासन का अज्ञात रूप से हत्या कर दी गई और केरल प्रदेश के सरकार द्वारा इस संबंध में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है केरल प्रदेश में मौजूद उप मुख्यमंत्री के कार्यकाल में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है जिसके विरोध स्वरूप केरल प्रदेश के मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर विरोध प्रकट किया गया एवं भाजपा नेता की हुई अज्ञात हत्या का जांच कर आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

भाजपा जिला महामंत्री जितेंद्र सोनी, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के महामंत्री अशोक सोनी, अनिल पटेल, उपाध्यक्ष अमर सिंह राठौर, अभिषेक सोनी, अनूपपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवरतन वर्मा, जैतहरी मंडल अध्यक्ष दिनेश राठौर, भाजपा कार्यालय मंत्री चंद्रिका द्विवेदी, जिला मंत्री राजेंद्र सोनी, कोषाध्यक्ष केशव यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश गौतम, संजय वर्मा, अंकित सैनी, बाल्मीकि राठौर, अक्षय पांडे, संग पटेल, प्रदीप मिश्रा, नीलमणि पटेल, संत लाल यादव, पुरुषोत्तम पटेल, धनु लाल पटेल सहित कई पिछड़ा वर्ग मोर्चा व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 1250 रुपये तक का फ्रेश इश्यू और 3.08 करोड़ इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल

### आईपीओ की स्नैपडील फाइलें

**मुंबई ।** स्नैपडील लिमिटेड ;स्नैपडील वित्तीय वर्ष 2020 के राजस्व के मामले में भारत के सबसे बडे प्योर.प्ले वैल्यू ईकामर्स प्लेटफॉर्म ने आईपीओ के लिए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस फाइल किया। ऑफर में कुल 1.250 करोड़ तक का फ्रेश इश्यू और 30.769,600 इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल शामिल है। स्नैपडील ने 1250 करोड की शुद्ध आय का उपयोग निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए करने का प्रस्ताव दिया है। ऑर्गेनिक ग्रोथ की फंडिंग के लिए पहलें ._ 900 करोड़ और 2 सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य ;सामूहिक रूप से यहां उद्देश्यो् के रूप में संदर्भित। अपने डीआरएचपी मेंए स्नैपडील का कहना है कि यह वित्तीय वर्ष 2020 के लिए राजस्व के मामले में भारत का सबसे बड़ा प्योर.प्ले वैल्यू ईकामर्स प्लेटफॉर्म है। इसके अलावाए गूगल प्ले स्टोर पर 200 मिलियन से अधिक ऐप इंस्टॉलेशन के साथए यह 31 अगस्तए 2021 तक भारत में कुल ऐप इंस्टॉलेशन के मामले में सबसे अधिक इंस्टॉल्ड प्योर.प्ले वैल्यू ईकामर्स एप्लिकेशन और शीर्ष चार ऑनलाइन लाइफस्टाइल शॉपिंग गंतव्यों में से एक है। ;स्रोतरू रेडसीर रिपोर्टए जिसे विशेष रूप से ऑफ़र के लिए हमारे द्वारा कमीशन और भुगतान किया गया हैद्ध 2007 में स्थापितए स्नैपडील ने कूपन बुकलेट व्यवसाय के रूप में अपना व्यवसाय शुरू किया, जिसे उसने 2010 में एक ऑनलाइन डील प्लेटफॉर्म और 2012 में एक ऑनलाइन ईकामर्स मार्केटप्लेस में बदल दिया। स्नैपडील का मूल्य प्रस्ताव श्भारतश् के खरीदारों की विशिष्ट खरीदारी आवश्यकताओं को पूरा करता है।4 ;स्रोतरू रेडसीर रिपोर्टए जिसे हमारे द्वारा विशेष रूप से ऑफ़र के लिए कमीशन और भुगतान किया गया हैद्ध। स्नैपडील प्लेटफॉर्म को ऐप एन्नी ;एक मोबाइल मार्केट डेटा और एनालिटिक्स प्लेटफॉर्मद्ध द्वारा श्टॉप पब्लिशर अवार्ड 2020 में वर्ष 2019 के लिए मासिक सक्रिय उपयोगकर्ताओं ;मएयूष्द्ध के मामले में भारत में शीर्ष 10 शॉपिंग ऐप के रूप में स्थान दिया गया था।

## पश्चिम मध्य रेल से प्रारंभ होने वाली पाँच गाड़ियां टॉप में, आठ महीनों में गोंडवाना एक्सप्रेस से रुपये 21 करोड से अधिक राजस्व की प्राप्ति

**जबलपुर यश भारत।** पश्चिम मध्य रेल कोविड की चुनौतियों के बावजूद अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूती प्रदान करते हुए रेलवे राजस्व में वृद्धि कर रहा है। वित्तिय वर्ष 2021-22 में अपैल से नवंबर तक पश्चिम मध्य रेल से प्रारंभ होने वाली गाडियों की राजस्व की प्राप्ति एवं यात्रा किये हुए यात्रियों में निरंतर वृद्धि हो रही है। गौरतलब है कि पश्चिम मध्य रेल से प्रारंभ होने वाली टॉप 05 यात्री गाडियों में जबलपुर-निजामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस से पिछले आठ महीनों में रुपये 21.32 करोड का राजस्व प्राप्त किया गया है। पमरे से प्रारंभ होने वाली टॉप 05 यात्री गाडियों का विवरण इस प्रकार है।1) गाडी संख्या 22181 जबलपुर-निजामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस से प्राप्त राजस्व रुपये 21.32 करोड है। 2) गाडी संख्या 12427 रीवा-आनंद विहार एक्सप्रेस से प्राप्त राजस्व रुपये 20.52 करोड है। ) गाडी संख्या




11447 जबलपुर-हावडा शक्तिपुंज एक्सप्रेस से प्राप्त राजस्व रुपये 319.93 करोड है। 4) गाडी संख्या 12854 भोपाल-दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस से प्राप्त राजस्व रुपये 19.59 करोड है। 5) गाडी संख्या 11464 जबलपुर-सोमनाथ एक्सप्रेस से प्राप्त राजस्व रुपये 18.67 करोड है। इसी प्रकार पश्चिम मध्य रेल से प्रारंभ होने वाली गाडियों में यात्रा किये यात्रियों की टॉप 05 यात्री गाडियों में सबसे ज्यादा कोटा-निजामुद्दीन जनशताब्दी एक्सप्रेस से पिछले आठ महीनों में 7.46 लाख यात्रियों द्वारा सफर किया गया है। टॉप 5 यात्री गाडियों में यात्रा किये गए यात्रियों का विवरण इस प्रकार है। 1) गाडी संख्या 12059 कोटा-निजामुद्दीन जनशताब्दी एक्सप्रेस में 7.46 लाख यात्रियों ने सफर किया । 2) गाडी संख्या 11447 जबलपुर-हावडा शक्तिपुंज एक्सप्रेस में 6.32 लाख यात्रियों ने सफर किया। 3) गाडी संख्या 12192 जबलपुर-निजामुद्दीन श्रीधाम एक्सप्रेस में 5.41 लाख यात्रियों ने सफर किया। 4) गाडी संख्या 12854 भोपाल-दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस में 5.37 लाख यात्रियों ने सफर किया। 5) गाडी संख्या 12189 जबलपुर-निजामुद्दीन महाकौशल एक्सप्रेस में 5.15 लाख यात्रियों ने सफर किया।

## नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि मे कलेक्ट्रेट में लगी भीड़

**अनूपपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पहले और दूसरे चरण के लिए नामांकन दाखिल करने का सोमवार को अंतिम दिन रहा। जिले की जनपद पंचायतों एवं कलेक्ट्रेट अनूपपुर में सुबह से ही नामांकन जमा करने काफी गहमागहमी रही। नाम निर्देशन पत्र जमा करने उम्मीदवारों का मेला लगा रहा। पंच सरपंच जनपद पंचायत सदस्य के पदों के लिए बड़ी संख्या में उम्मीदवारों ने रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर अपने नामांकन दाखिल किए। इसी के बीच अभी भी ओबीसी पिछड़ा वर्ग सीटों पर चुनाव लड़ने उम्मीदवारों के बीच असमंजस की स्थिति बनी रही। इधर उम्मीदवार इस आशा में थे कि नामांकन दाखिल करने की तिथि को बढ़ाया जाएगा किंतु चुनाव आयोग ने इस पर निर्णय लिया। मिली जानकारी के अनुसार अनूपपुर जिले में विकासखंड पुष्पराजगढ़ में द्वितीय चरण में चुनाव संपन्न होंगे। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत अनूपपुर जिले में द्वितीय एवं तृतीय चरणों में चुनाव होंगे राज्य निर्वाचन आयोग की अधिसूचना के अनुसार द्वितीय चरण का चुनाव 28 जनवरी 2022 एवं तृतीय चरण का चुनाव 6 फरवरी को संपन्न होगा।




गरीब नवाज कमेटी द्वारा भीषण ठंड से जूझ रहे गरीबों को कंबल बांटे और कई जगह अलाव की व्यवस्था की। इस सेवाभावी कार्य में सैयद इनायत अली, देवीदास, मो. सरफराज, बाबूखान, दीपक निगम, निकिता व आबिद बाबा ने सहयोग दिया।

## स्वर्गीय डॉक्टर विजय सिंह स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन , ओएजी ओपियम अमलाई ने पटना को 88 रन से हराया

**अनूपपुर ।** जैतहरी जनपद के ग्राम पंचायत पटना कला में स्वर्गीय डॉ विजय सिंह स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट मैच का समापन मैच 19 दिसंबर रविवार को पटना कला ग्राउंड में ओएजी ओपीएम अमलाई और पटना के बीच मैच खेला गया द्यजिसमें कार्यक्रम के मुख्यअतिथि के रूप में मुख्य अभियंता विद्युत मंडल चचाई एएच रिजवी मौजूद रहें तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच श्रीमती तीजिया बाई, जीतू सिंह परिहार, राकेश सिंह, अखिलेश सिंह रहे यंग स्पोटिंग पटना कला के मुख्य संरक्षक सौरभ सिंह ने बताया कि क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला ओएजी ओपियम अमलाई और पटना के बीच खेला गया , जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 14 ओवरों में 180 रन का पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा किया द्य जिसमें दूसरी पारी में बैटिंग करने उतरी पटना की टीम 12 ओवरों में सभी विकेट खोकर 92 रन ही बना सकी जिसके एवज में ओए जी ओपियम अमलाई की टीम 88 रन से मैच को जीत लिया द्यमैन ऑफ द मैच के रूप में मनीराम ओए जी ओपियम अमलाई से थे, स्वर्गीय डॉक्टर विजय सिंह स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट कार्यक्रम के अतिथि नारायण सिंह लोकेश सिंह रामपाल सिंह ,के .पी. सिंह, नारायण सिंह , सुनीत सिंह की गरिमामयी उपस्थित में समापन किया गया द्य कमेटी का विशेष योगदान जिसमें सतवंत सिंह ,निलेश सिंह, नितिन सिंह ,पुष्पेंद्र सिंह ,सोनू सिंह ,तरुण सिंह ,सौरभ सिंह, मनोज सिंह ,अनमोल सिंह ,आशुतोष सिंह ,दीपंकर सिंह, दुर्गा सिंह ,राजू साहू ,कार्तिक सोनी, प्रवीण सिंह की अहम भूमिका रही।

# साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में इस प्लेइंग इलेवन के साथ उतर सकती है भारतीय टीम



**नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 26 दिसंबर से शुरू हो रही टेस्ट सीरीज के शुरुआती मैच में यह देखना दिलचस्प होगा कि कप्तान विराट कोहली आलराउंडर शार्दुल ठाकुर सहित पांच तेज गेंदबाजों के साथ मैदान पर उतरेंगे या उछाल भरी पिचों को देखते हुए अजिंक्य रहाणे के रूप में अतिरिक्त बल्लेबाज को मौका दिया जाएगा।**

## भारतीय टीम पिछले तीन दिनों से कर रही सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क में अभ्यास

बल्लेबाजी के विकल्प के लिए हनुमा विहारी भी मजबूत दावेदार होंगे, जो भारत की ए टीम के साथ दक्षिण अफ्रीका का हाल ही में दौरा कर चुके हैं। भारतीय टीम पिछले तीन दिनों से सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क में अभ्यास कर रही है और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने मेहमानों को मैदान के मुख्य स्टेडियम पर अभ्यास करने का मौका दिया है। एसईएनए देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया) में टेस्ट मैच से पहले मुख्य विकेट पर अभ्यास का मौका मुश्किल से ही मिलता है। बीसीसीआइ द्वारा पोस्ट किए गए एक संक्षिप्त वीडियो में मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने मुख्य पिच पर अभ्यास से होने वाले फायदे का जिक्र किया था, जबकि मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने घसियाली पिच पर अभ्यास के बारे में बात की थी। रणनीतिक तौर पर कोहली को आक्रामक कप्तान माना जाता है और वह पांच गेंदबाजों के साथ टेस्ट मैचों में उतरना पसंद करते है। बायें हाथ के आलराउंडर रवींद्र जडेजा सातवें क्रम में बल्लेबाजी का शानदार विकल्प देते हैं, लेकिन उनकी गैरमौजूदगी में शार्दुल यह जिम्मेदारी उठा सकते हैं। चयन समिति के पूर्व अध्यक्ष एमएसके प्रसाद ने कहा, मुझे लगता है कि अगर टीम पांच गेंदबाजों के साथ उतरेगी तो शार्दुल सबसे अच्छा विकल्प हैं, क्योंकि वह सातवें क्रम पर बल्लेबाजी का विकल्प भी देते हैं और हमारे पास रविचंद्रन अश्विन भी हैं। टीम में चार गेंदबाजों की जगह लगभग तय है जिसमें जसप्रीत बुमराह, मुहम्मद शमी, अश्विन और मुहम्मद सिराज का नाम आता है। मुझे नहीं लगता कि मौजूदा लय को देखते हुए टीम में इशांत को सिराज की जगह तरजीह मिलेगी।

# टेनिस सुपर स्टार

## राफेल नडाल हुए कोरोना पाजिटिव

### कहा– मेरे जीवन का सबसे बुरा पल



**नई दिल्ली।** स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल अबूधाबी में एक प्रदर्शनी टूर्नामेंट में भाग लेने के बाद कोरोना वायरस की जांच में पाजिटिव पाए गए हैं। नडाल ने सोमवार को ट्वीट कर इस जानकारी को साझा करते हुए बताया कि उनका पाजिटिव नतीजा स्पेन पहुंचने के बाद पीसीआर जांच में आया है। नडाल ने कहा कि फिलहाल वह अच्छा महसूस नहीं कर रहे हैं लेकिन उन्हें धीरे–धीरे स्थिति में सुधार होने की उम्मीद है। वह फिलहाल अपने घर में क्वारंटाइन में हैं और उनके संपर्क में आने वाले लोगों को इसकी जानकारी दे दी गई है। नडाल के संपर्क में आने वालों में स्पेन के पूर्व सम्राट जुआन कार्लोस भी शामिल हैं। वह पिछले साल वित्तीय घोटालों के आरोपों के बाद से संयुक्त अरब अमीरात में रह रहे हैं। स्पेन के एक अखबार के मुताबिक, नडाल और 83 साल के कार्लोस की एक साथ तस्वीर प्रकाशित की गई। इस तस्वीर में दोनों मास्क के बिना दिख रहे हैं। नडाल ने कहा कि दौरे पर हर दो दिनों में उनका परीक्षण किया गया था और शनिवार से पहले सभी के परिणाम निगेटिव आए थे। नडाल ने कहा कि वायरस के चपेट में आने के बाद उन्हें अपने खेल कार्यक्रम के साथ लचीला रुख अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि वह अपनी स्थिति के आधार पर आगामी कार्यक्रम का विश्लेषण करेंगे। नडाल चोट के कारण लंबे समय से प्रतिस्पर्धी टेनिस से दूर हैं। उन्होंने विंबलडन, टोक्यो ओलिंपिक और यूएस ओपन में भी भाग नहीं लिया था।




# गृहनगर रोसारियो में लगेगी मेसी का 69 मीटर ऊंची तस्वीर

## इसी साल जीता था बेलोन डीओर

**नईदिल्ली।** अर्जेंटीना के रोसारियो शहर में उसके लाड़ले बेटे और महान फुटबॉल खिलाड़ी लियोनल मेस्सी का 69 मीटर ऊंचा भित्तिचित्र लगाया जाएगा। इस ग्राफिटी का नाम 'फ्रॉम अदर गैलेक्सी, फ्रॉम माय सिटी' है और स्थानीय कलाकारों मर्लेन जुरियागा तथा लिसांद्रो उर्तीगा ने इसे तैयार किया है । इस भित्तिचित्र में मेसी को दस नंबर की जर्सी पहने राष्ट्रीय टीम के कप्तान के रूप में दिखाया गया है और वह अपनी छाती पर हाथ रखे हुए हैं। रोसारियो के अधिकारियों द्वारा आयोजित उद्घाटन समारोह में कई स्कूली बच्चों ने भाग लिया। पेरिस सेंट जर्मेन के स्ट्राइकर मेसी ने रोसारियो के करीब स्थित क्लब ग्रांडोली से ही अपने कॅरिअर की शुरुआत की थी। अर्जेंटीना और पेरिस सेंट जर्मेन से खेलने वाले लियोनल मेसी ने बेलोन डी ओर 2021 अपने नाम किया था। उन्होंने रिकॉर्ड सातवीं बार यह ट्रॉफी जीती। पिछले 13 साल में कुल मिलाकर मेसी और रोनाल्डो ने पिछले 13 साल में 12 बार यह खिताब आपस में बांटा है। 2018 में क्रोएशिया और रियल मैड्रिड के लुका मोदरिच ने यह पुरस्कार जीता था। मेसी (2009, 2010, 2011, 2012, 2015, 2019 और 2021*) ने 7 और रोनाल्डो (2008, 2013, 2014, 2016, 2017) ने 5 बार यह अवॉर्ड अपने नाम किया। इस साल मेसी ने अर्जेंटीना को कोपा अमेरिका यानी अमेरिका का चैंपियन भी बनाया था।

# बबिता जी का डांस देख जेठालाल भी हो गए दंग

## कलरफुल टीशर्ट और शॉर्ट्स में हे लेडीज गाने पर ऐसे लचकाई कमर



तारक मेहता का उल्टा चश्मा की बबिता जी का लेटेस्ट डांस वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा है। बबिता जी (Munmun Dutta) के दीवाने जेठालाल भी उनका यह डांस को देखकर दंग रह जाएंगे। बबिता जी हे लेडीज ट्रेंडिंग गाने पर कलरफुल टॉप और शॉर्ट्स में कमर लचका रही हैं। बबिता जी डांस के साथ ग्लैमरस एक्सप्रेशन देती हुई दिख रही हैं। बबिता जी के नए डांस वीडियो पर कुछ ही देर में लाखों व्यूज आए हैं। बबिता जी एकोन के गाने हे लेडीज पर थिरक रही हैं. तारक मेहता का उल्टा चश्मा में बबिता का किरदार निभाने वाली मुनमुन दत्ता को शो से काफी फेम मिला है। मुनमुन दत्ता के सोशल मीडिया पर लाखों फैंस है। मुनमुन दत्ता के फैंस उनके वीडियो पर जमकर तारीफें कर रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट किया कि आपके जैसा कोई नहीं है बबिता जी, मुनमुन दत्ता सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर इंस्टाग्राम पर अपने लेटेस्ट वीडियो और फोटोज शेयर करती रहती हैं। तारक मेहता का उल्टा चश्मा कई सालों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है, टीवी पर सबसे ज्यादा लंबे समय तक चलने वाला यह इकलौता कॉमेडी सीरियल है। तारक मेहता का उल्टा चश्मा की स्टार कास्ट घर–घर में मशहूर हो चुकी है। मुनमुन दत्ता को भी इसी शो से पहचान मिली है। मुनमुन दत्ता को बहुत ही कम लोग उनके नाम से बुलाते हैं। ज्यादातर फैंस उन्हें बबिता जी कहकर ही बुलाते हैं। मुनमुन दत्ता का ग्लैमरस अंदाज फैंस को काफी पसंद आता है. मुनमुन दत्ता जितनी ग्लैमरस तारक मेहता में लगती हैं उतनी ही वह रियल लाइफ में भी हैं।

# कुछ इस अंदाज में अंगड़ाई लेती दिखीं नोरा फतेही पलक झपकते ही लिया Shakira का लुक



दिलबर गर्ल नोरा फतेही पिछले कुछ दिनों से अपने अपकमिंग सॉन्ग डांस मेरी रानी को लेकर सुर्खियां बटोर रही थीं, अब उनका ये सॉन्ग रिलीज हो चुका है। इस म्यूजिक वीडियो में नोरी फतेही और गुरु रंधावा एक साथ नजर आ रहे हैं। सबसे ज्यादा इस सॉन्ग में लोगों का ध्यान जिसने खींचा है वो है नोरा फतेही का लुक, फैंस को एक्ट्रेस का नया लुक खूब पसंद आ रहा है. सॉन्ग में नोरा फतेही कभी जलपरी बनकर लोगों की हार्टबीट को बढ़ा रही हैं तो कभी धमाकेदार डांस से सबको हैरान करती हुई दिखाई दे रही हैं। इसी बीच नोरा फतेही की एक वीडियो वायरल हो रही है जिसे फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। नोरा फतेही ने इंस्टाग्राम पर जो वीडियो शेयर की है उसमें वो नहाकर अंगड़ाई लेते हुए बाहर निकलती हैं और उसके बाद एकदम से उनका लुक बदल जाता है। नोरा एक ही पल में नॉर्मल लड़की की तरह लग रही होती हैं तो एक ही पल में शकीरा जैसा लुक अपना लेती हैं. हालांकि अपनी इस वीडियो में नोरा ने जो बाद में लुक अपनाया है. उस लुक में वो अपने सॉन्ग डांस मेरी रानी में नजर आ रही हैं। नोरा फतेही ने इस वीडियो को कुछ देर पहले शेयर की है। इतनी देर में ही 6 लाख से भी ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं, इसी से अंदाजा लगा सकते हैं कि फैंस उनकी वीडियो को कितना पसंद कर रहे हैं। ये कोई पहला मौका नहीं है जब नोरा फतेही का कोई वीडियो सोशल मीडिया पर इतना वायरल हुआ हो, नोरा फतेही अपनी कोई भी फोटो और वीडियो शेयर करती हैं तो वो सेकंड में वायरल हो जाती है. इंस्टाग्राम पर नोरा फतेही की शानदार फैन फॉलोइंग देखने को मिलती है। 36.1 मिलियन फॉलोवर्स एक्ट्रेस को फॉलो करते हैं. नोरा फतेही ने दिलबर दिलबर सॉन्ग पर जबरदस्त परफॉर्मेंस देकर बॉलीवुड में अपनी एक अलग पहचान बना ली, साकी–साकी सॉन्ग में भी नोरा के किलर मूव्स को फैंस ने खूब पसंद किया, ऐसे में नोरा किसी पहचान की मोहताज नहीं है।

## किरायेदार रह चुके युवक ने की घिनौनी हरकत

पार्टी में आए युवक ने जबरदस्ती धमकी देकर किया था दुराचार

# कुंडम में बलात्कार के बाद गर्भवती हो गई 11वीं की छात्रा

**जबलपुर, यशभारत।** **कुंडम में 11वीं की छात्रा रेप के बाद गर्भवती हो जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। जिसके बाद क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति है। मामले का खुलासा तब हुआ जब छात्रा को पेट दर्द होने पर परिजन डॉक्टर के पास दिखाने ले गए। जहां डॉक्टरों ने चेक कर उसे गर्भवती बता दिया। जिसके बाद पूछताछ में पीड़िता ने अपने साथ हुई रेप की घटना परिजनों को बताई और कुंडम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने रेप का प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।**

कुंडम पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र निवासी नाबालिक छात्रा कक्षा 11 वीं में पढ़ती है। उसे पिछले कई समय से पेट में ददज़् हो रहा था। परिजनों द्वारा पहले स्थानीय डॉक्टर से चेकअप कराया गया लेकिन छात्रा को आराम नहीं लगा। आराम नहीं लगने पर पेट दर्द की शिकायत लेकर छात्रा अपने पिता के साथ विगत 13 दिसंबर को जबलपुर के एल्गिन अस्पताल में पहुंची। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण किया तो पता



चला कि छात्रा गभज़्वती है।

### पार्टी में आए युवक ने किया था रेप

पुलिस ने बताया कि छात्रा के गर्भवती होने पर परिजनों ने पूछा तो छात्रा ने बताया कि 19 वर्षीय रोहित उइके 2 साल पहले किराए से रहता था। इसके बाद वह मकान खाली करके चला गया और उसकी जगह उसकी एक रिश्तेदार घर में किराए से रहने लगे। जहां रोहित का आना जाना होता रहता था। विगत जून माह में पहले सप्ताह में उसकी नानी के घर में किराए से रहने वाली रोहित की रिश्तेदार ने अपने घर में पार्टी रखी थी। जहां रोहित भी आया था और वह भी पाटीज़् में गई थी। शाम को करीब 7:00 बजे वह कमरे में थी, तभी रोहित कमरे के अंदर आया और जबरदस्ती मुंह दबाकर उसके साथ रेप किया। इसके बाद बोला कि किसी से कुछ बताया तो जान से खत्म कर दूंगा और भाग गया। डर के कारण उसने किसी से कुछ नहीं बताया था।

### परिजनों ने दर्ज कराई एफआईआर

कुंडम टीआई प्रताप मरकाम ने बताया कि घटना की जानकारी लगने पर पीड़िता के परिजनों द्वारा कुंडम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने आरोपी रोहित उइके के खिलाफरेप एवं पास्को एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### मेडिकल में भर्ती है छात्रा

जून के बाद से उसका पीरियड रुक गया था। कुंडम में डॉक्टर को दिखाया था। कुछ समय से उसे पेट में ददज़् हो रहा था। उसने नानी को आपबीती सुनाई। नानी के बताने पर पिता उसे एल्गिन ले गए। वहां पता चला कि वह छह माह के गर्भ से है। इसके बाद उसे मेडिकल कॉलेज में भतीज़् कराया गया। अस्पताल की सूचना पर गढ़ा पुलिस बयान दर्ज करने पहुंची थी। गढ़ा पुलिस की जीरो पर दजज़् केस डायरी कुंडम पहुंची। पुलिस मामले में 21 दिसंबर को रेप, धमकी व पॉक्सो एक्ट का प्रकरण दर्ज किया।

# तिलवारा में 15 वर्षीय नाबालिग का अपहरण

## बेटी को खोजने पिता भटक रहा दर-दर

### किराना दुकान गयी थी सामान लेने, फिर नहीं लौट सकी घर

**जबलपुर, यशभारत। गोरखपुर में पांच वर्षीय मासूम के अपहरण के मामले को सुलझा भी नहीं है, कि तिलवारा से मंगलवार की शाम 15 बर्षीय नाबालिग का अपहरण हो गया। इस मामले में पिता ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाकर, बेटी का अपहरण होने की आशंका जताई है।**

तिलवारा पुलिस के अनुसार शाहा नाका निवासी मुढ़िया वंशकार ने शिकायत दर्ज करवाई है कि उसकी बेटी 15 वर्षीय घर से किराना का सामान लेने पास की ही दुकान में गयी थी, जिसके बाद घर नहीं लौटी, बेटी का पता करने जब वह दुकान और आसपास के लोगों के पास पहुंचा तो किसी ने भी इसकी जानकारी ना होने की बात कही। इसके बाद परिजनों और रिश्तेदारों को फोन लगाकर, बेटी के बारे में पूछा लेकिन किसी के यहां उसका जाना नहीं निकला। बेटी की सहेलियों से भी संपर्क किया लेकिन वहां भी बेटी नहीं पहुंची।

**गोरखपुर के बाद तिलवारा में अपहरण की दूसरी घटना**

गोरखपुर में पांच साल की बच्ची के अपहरण के बाद मौत का मामला अभी शांत भी नहीं



हुआ है तो वहीं दूसरी तरफ 15 साल की नाबालिग का अपहरण की खबर आने के बाद पुलिस महकमा सकते में है। पांच साल की बच्ची की मौत का कारण पानी में डूबना बताया जा रहा है, लेकिन क्षेत्रीय लोग इस बात को मानने को तैयार नहीं है। उनका कहना है कि बच्ची के साथ अनहोनी हुई है, हांलाकि पुलिस सभी एंगलों से जांच कर रही है।

## रांझी में घरेलु विवाद में जेठ-जेठानी ने भाभी से की मारपीट

**जबलपुर, यशभारत।** रांझी के मानेगांव में मंगलवार की दरमियानी रात घरेलु विवाद के चलते जेठ-जेठानी ने बहू से जमकर मारपीट कर दी। मामला पारिवारिक संपत्ति के बंटवारे का बताया जा रहा है। पीड़िता ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 31 बर्षीय महिला ने बताया कि वह नानक नगर मानेगांव की निवासी है। पारिवारिक विवाद के चलते ज्योत्सना दुबे और प्रकाश दुबे ने उसके साथ जमकर मारपीट कर दी। जिससे उसके गले और चेहरे में चोट आ गई। पुलिस आरोपियों को तलाश करने में जुटी है।

## तालाब में उतराता मिला युवक का शव, क्षेत्र में सनसनी

### 10 दिन से था लापता, हत्या की आशंका

**जबलपुर, यशभारत।** शहपुरा थाने के समीप वार्ड नंबर 1 के तलाब में आज बुधवार की सुबह 11 बजे उतराता हुआ शव देख लोगों के होश उड़ गए। जिसके बाद मामले की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने लगभग डीकंपोस्ड हो चुके शव को कब्जे में लेकर, मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। शव की शिनाख्त वार्ड नंबर 3 निवासी प्रेम शंकर यादव 33 साल के रूप में की गई। जो करीब 10 दिन से लापता था। मामलें में हत्या की आंशका जताई जा रही है। फिलहान पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है। जानकारी अनुसार बुधवार की सुबह जब तालाब के पास रहने वालों ने तलाब में शव को देखा तो तुरंत सूचना शहपुरा पुलिस प्रशासन को दी गई। मौके पर थाना प्रभारी प्रियंका केवट अन्य पुलिसकर्मियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर इसकी



पड़ताल की। शव को नगर पंचायत के स्वीपर कर्मियों को बुलाकर तलाब से निकाला गया। लाश बदबू मार रही थी ऐसा प्रतीत हो रहा था कि 10 व 12 दिन पहले ही मृत्यु हुई है। पुलिस पड़ताल में यह सामने आया है कि युवक की गुमशुदी की रिपोर्ट परिजनों द्वारा की गई थी। जिसकी बिनाह पर जब परिजनों को बुलाया तो उन्होंने शव को पहचान लिया। शव को देखते ही पत्नी और बेटा सहित अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## घमापुर में धांय-धांय

# क्रिकेट खेलने गए युवक पर चलाई गोली, आरोपी फरार

जबलपुर,यशभारत। घमापुर के न्यू कछियाना ग्राउण्ड में क्रिकेट खेलने गए एक युवक पर, आपसी रंजिश के चलते युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर पिस्टल से फायर कर दिया। गनीमत यह रही कि गोली युवक के कंधे को छूकर निकल गयी। जिसके बाद आरोपी अपने साथियों के साथ बाइक से फरार हो गया। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज करते हुए, जांच में लिया है। पुलिस ने बताया कि स्वपनिल वर्मा 20 वर्ष निवासी ओमकला मंदिर चांदमारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह कपड़े की दुकान में काम करता है। वह न्यू कछियाना ग्राउण्ड क्रिकेट खेलने गया था, तभी एक्सिस स्कूटी से पवन रजक, प्रवीण रजक एक अन्य लड़के के साथ आया। प्रवीण ने पिस्टल निकाला एवं लोड किया

### रंजिश का बदला लेने दिया वारदात को अंजाम

तथा हत्या करने की नियत से उस पर फायर कर दिया, वह साईड में हो गया जिससे गोली उसे नहीं लगी। गोली उसके वायें कंधे के बाजू से निकल गयी। घटना के दौरान वह चिल्लाया तो राजा ,मुकेश दोनों ही प्रवीण के पीछे दोड़े , प्रवीण, पवन रजक अपने एक एक अन्य साथी के साथ स्कूटी से मंगल पराग ग्राउण्ड तरफ भाग गया।

### दो माह पूर्व हुआ था विवाद

जानकारी अनुसार पीड़ित ने बताया कि 2 माह पहले पवन व पवन की पत्नी ने उसके एवं उसके साथियों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट एंव छेड़छाड़ करने का मामला दर्ज कराया था। इसी बुराई से प्रवीण रजक, पवन रजक अपने एक साथी के साथ हत्या करने की नियत से आये थे, प्रवीण ने पिस्टल से उस पर फायर किया है। मौके से चले हुये कारतूस का जब्त करते हुये पुलिस ने मामला विवेचना में लिया है।



## 105 साल की वृद्धा को लगी वैक्सीन की दूसरी डोज

जबलपुर, यश भारत। कोरोना टीकाकरण महाअभियान में गोलबाजार स्थित नूतन मराठी स्कूल के टीकाकरण केंद्र में 105 वर्षीय महिला को वैक्सीन की दूसरी डोज लगाई गई। उल्लेखनीय है कि वैक्सीनेशन को लेकर लगातार प्रशासन अभियान चला रहा है। इसी के तहत वैक्सीनेशन का कार्य शहर से लेकर गांव तक किया जा रहा है।

## चेक बाउंस मामले में स्कूल की संचालिका गिरफ्तार

### 5 लाख का चेक देकर हो गई थी रफूचक्कर

### शहडोल के उमरिया से पुलिस ने दबोचा

**जबलपुर, यशभारत।** चेक बाउंस के एक प्रकरण में गोहलपुर पुलिस ने प्राइवेट स्कूल की संचालिका को शहडोल के उमरिया से गिरफ्तार किया है। स्कूल संचालिका ने जबलपुर निवासी एक व्यक्ति को पांच लाख रुपए का चेक दिया था, लेकिन अकाउंट में इतनी रकम ही नहीं थी। कई सालों से अपना पैसा वापस पाने के लिए जबलपुर का युवक भटक रहा था। लेकिन हर बार स्कूल संचालिका उसे चकमा देकर फरार हो जाती रही। जिसके बाद पीड़ित ने गोहलपुर में मामले की शिकायत की। जाचं के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर, स्कूल संचालिका को गिरफ्तार कर लिया है। गोहलपुर थाना प्रभारी अरविंद चौबे ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि रमेश कुमार निवासी जबलपुर, गोहलपुर ने शिकायत की थी कि उनको उमरिया के शहडोल निवासी स्कूल की संचालिका शाहीन अख्तर ने पांच लाख का चेक दिया था। जो बाउंस हो गया।



मामले में जानकारी देने के बाद भी शाहीन अख्तर ने पैसे नहीं दिए और हमेशा पैसे देने का बहाना बनाती रहीं। जिसके बाद पुलिस ने पांच साल पुराने वारंट में आरोपिता को गिरफ्तार कर लिया है। आगे की कार्रवाई जारी है। मामले में पुलिस एसआई उमा शंकर पांडे और कॉस्टेबिल प्रेमलता जी की सराहनीय भूमिका रही।

## पैसों के विवाद में दोस्त ने दोस्त को पीट-पीटकर किया अधमरा

**जबलपुर, यशभारत।** रांझी के आजाद नगर में मंगलवार की दरमियानी रात दो दोस्तों के बीच पैसों को लेकर हुई तीखी झड़प में एक दोस्त ने दूसरे दोस्त को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया।



जानकारी अनुसार अमित बाबू यादव 27 साल पिता लक्ष्मण प्रसाद आजाद नगर, रांझी का रहने वाला है। पीड़ित ने बताया कि आरोपी आसिफ खान ने पैसों को लेकर उससे झगड़ा किया। आरोपी दारु पीने के लिए पैसों की डिमांड कर रहा था। जब उसने पैसे नहीं दिए तो गालीगलौच की और जमकर मारपीट की। जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर, मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

## रांझी में सब्जी विक्रेता ने लगा ली फांसी

### बढ़ती महंगाई से तंग आ चुका था, तनाव में उठाया आत्मघाती कदम

**जबलपुर, यशभारत।** रांझी के बजरंग नगर में सब्जी बेचने वाले एक अधेड़ ने आज बुधवार की सुबह घर की किचिन में फांसी



लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला कायम कर, जांच में लिया है। तो वहीं बताया जा रहा है कि बढ़ती महंगाई के कारण अधेड़ काफी दिनों से तनाव में था। जिसके बाद उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। जानकारी अनुसार बजरंग नगर निवासी 55 वर्षीय प्रमोद कौरव पिता लाल कुंवर कौरव पेशे से सब्जी बेचने का काम करते है। आज सुबह करीब 4 बजे वह उठकर मंडी की ओर ही निकलने तैयार हो रहे थे। लेकिन मंडी ना जाकर अधेड़ मौत के फंदे में झूल गया। मृतक की एक बेटी है, जिसकी शादी हो चुकी है और दो बेटे है। जो उसकी मदद करवाते थे। पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है।



## खालसा स्कूल के पूर्व प्राचार्य धर्मेश भारद्वाज का निधन

**जबलपुर।** खालसा स्कूल के पूवज़् प्राचायज़् होमसाइंस कॉंलेज रोड नेपियर टाउन निवासी धमेज़्श भारद्वाज का आकस्मिक निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा बुधवार शाम 4 बजे ग्वारीघाट मुक्तिधाम प्रस्थान करेगी।

### आचार संहिता का उल्लघंन

## जनपद कार्यालय में लोडेड पिस्टल लेकर घूम रहा था पूर्व जनपद अध्यक्ष का पति

**जबलपुर, यशभारत।** पनागर जनपद कार्यालय में चुनावी प्रक्रिया के दौरान पूर्व जनपद अध्यक्ष का पति लोडेड पिस्टल लेकर पहुंच गया। पिस्टल के साथ हुआ है अपना प्रभाव जमाने लगा। तभी सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे दबोच लिया और पिस्टल अपने कब्जे में ले ली। पिस्टल मैं पांच कारतूस लोड थे। टीआई पनागर आर के सोनी ने बताया कि कल सूचना मिली थी कि जनपद कार्यालय पनागर में पूर्व जनपद अध्यक्ष योगिता पटेल का पति योगेश पटेल अपनी लाइसेंसी पिस्टल लेकर जनपद कार्यालय के अंदर घूम रहा है। वहीं पर चुनाव के लिए भरे गए फार्मो की जांच हो रही है और योगेश अपना प्रभाव जमाने के लिए पिस्टल लेकर घूम रहा है। सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस स्टाफके साथ जनपद कार्यालय पहुंचा तो पूर्व जनपद अध्यक्ष का पति योगेश कुर्मी जनपद कार्यालय के अंदर पिस्टल लिए हुए मिला। पुलिस ने तत्काल ही योगेश की पिस्टल अपने कब्जे में ली पिस्टल चेक की गई तो उसकी मैगजीन में पांच कारतूस लोड मिले। पुलिस ने पिस्टल जप्त करते हुए आरोपी योगेश कुर्मी पटेल के खिलाफ धारा 188 एवं 30 आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया है।



पिस्टल के साथ गिरफ्तार

**12 दिसंबर के पहले जमा करानी थी पिस्टल**

पनागर टीआई ने बताया कि जिला दंडाधिकारी द्वारा 12 दिसंबर के पूर्व सभी शस्त्र धारियों के शस्त्र लाइसेंस निलंबित करते हुए उन्हें अपने शास्त्र जमा कराने के लिए आदेशित किया गया था7 योगेश पटेल द्वारा आदेश का उल्लंघन करते हुए शस्त्र जमा नहीं कराया गया एवं जनपद कार्यालय में पिस्टल लेकर अपना प्रभाव जमाने पहुंच गया था।

## कपड़ा व्यापारियों ने किया जीएसटी का विरोध

**जबलपुर, यश भारत।** केन्द्र सरकार द्वारा एक जनवरी से कपड़ों पर 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत जीएसटी लागू कर दिए जाने पर कपड़ा व्यापारियों ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। जबलपुर थोक वस्त्र विक्रेता संघ के पदाधिकारियों ने मंगलवार- बुधवार और गुरुवार आज प्रतिष्ठानों की बिजली बंद कर थाली शंख ओर घंटा बजाकर विरोध प्रदर्शन जताया। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष नवनीत कुमार जैन (पप्पू), सुनील अवयानी, राकेश जैन, उपस्थित थे।

AN ISO 9001-2008 CERTIFIED Co.
मैरिज स्पेशल शूज
डीसेन्ट फुटवेयर
Exclusive Party Shoes
प्रो. आकाश श्रीवास्तव
करमचंद चौक, जबलपुर
मो.: 9425159114, 8982481114

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

Roasted Food Junction
Badi Omti Chowk
Pure & Tasty AK's Special Jabalpur
मा. 9827681910
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना, मुरमुरा, बोल्ड चना, केला चिप्स, बोल्ड पीनट, मसाला चना, ड्राय मेल, चना जौर गर्म
मो. -9301997304,7987145201

लक्ष्मी एम्पोरियम के 38वें वर्ष में प्रवेश
खरीदी हेतु आमंत्रित
लक्ष्मी एम्पोरियम
लेडीज-जेंट्स शाल स्टाल, कश्मीरी सेमी पेशमीना, जमावार फैंसी रंग डिजाइन, मिंक कम्बल, रजाईयां, मैरिज सैट टॉवल, बेडकवर,
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

अब नये परिवेश में
आफिस, शोरुम, निवास की सजावट के लिए पर्दा क्लाथ की नई रेंज, गृह शोभा के आइटम
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम
फ्लोरिंग एंड फर्नीशिंग, पर्दा एवं सोफा क्लाथ, वाल पेपर मिंक कम्बल, मैरिज सेट टॉवल, रजाईयां।
दैनिक भास्कर के सामने
3 /15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर
फोन- 0761-2481262, 362
एक बार अवश्य पधारें

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)